स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, शनिवार
20 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 6
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 298 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

गेंदबाजी इकाई में भूमिका स्पष्ट होनी चाहिए: मिताली राज



### एसआईटी जांच : राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# अब होगा दूध का दूध और पानी का पानी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक राम मंदिर निर्माण का एसआईटी की जांच हो रही है। दूध का दूध और पानी का पानी कर देगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यदि किसी के पास कोई राम मंदिर से जुड़े चोरी का दस्तावेज प्रमाण है तो उसे एसआईटी को सौंपे और वह जांच पूरी होने तक कोई भी

- **कांग्रेस और सपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा राम मंदिर निर्माण का कांग्रेस ने किया था विरोध, और समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर चलाई थी गोलियां**

विरोध किया। भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाये। वहीं समाजवादी पार्टी की सरकार में रामभक्तों और कारसेवकों पर गोलियां चलीं और जयश्रीराम के उद्घोष पर लाठियां बरसाईं। उन्होंने कहा कि आज यही लोग रामभक्तों के सम्मान की बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट के अनुरोध पर सरकार ने एसआईटी का गठन किया और यह जांच पूरी निष्पक्षता से होगी। उन्होंने रामभक्तों से धैर्य बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि जब हमारे पूर्वजों ने प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान के लिये पांच सौ वर्षों तक मर्यादा के साथ संघर्ष और इंतजार किया तो 15 दिन और धैर्य रखें। उन्होंने कहा कि अनावश्यक बयानबाजी न करे, साथ ही उन्होंने लोगों से अयोध्या और राम मंदिर को बदनाम करने वाले दुष्प्रचार के बहकावे में न आने की भी अपील की है। जिले के रुदौली विधानसभा में मां कामाख्या धाम में मुख्यमंत्री एक जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास और विरासत दोनों को समान महत्व देते हुए प्रदेश को नई पहचान दिला रही है। उन्होंने दोहराते हुए कहा कि श्रीरामजन्मभूमि के भव्य मंदिर में विराजमान रामलला को भक्तों द्वारा दिये गये दान चोरी की एसआईटी जांच कर रही है। कुछ ही दिनों में दूध का दूध और पानी का पानी साफ दिखायी पड़ेगा।

## सीएम ने किये रामलला के दर्शन

### ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय से बनाई दूरी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीरामजन्मभूमि पर बने दिव्य और भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन और पूजन किया। मुख्यमंत्री के साथ आज श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेन्द्र दास ने दर्शन-पूजन कराया। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय को मुख्यमंत्री से मिलने नहीं दिया गया क्योंकि रामलला के चढ़ावा चोरी में एसआईटी की जांच चल रही है। ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेन्द्र दास ने मुख्यमंत्री को दर्शन कराया। दर्शन के समय प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व सपा से निष्कासित गोसाईंगंज के विधायक अभय सिंह भी मौजूद रहे।

### नीट यूजी पुनर्परीक्षा तक लागू रहेगा प्रतिबंध

# टेलीग्राम पर लगा बैन नहीं हटेगा

**नई दिल्ली।** री-एग्जाम से ठीक पहले टेलीग्राम की याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने साफ किया कि देश की इतनी बड़ी

- **हाईकोर्ट ने कहा - सरकार के पास प्रतिबंध लगाने का अधिकार**

परीक्षा की सुरक्षा के लिए सरकार को आपातकालीन कदम उठाने और अस्थायी प्रतिबंध लगाने का पूरा कानूनी अधिकार है। अब 22 जून तक टेलीग्राम पूरे भारत में बंद रहेगा। शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस तेजस करिया की सिंगल-जज बेंच ने टेलीग्राम की याचिका को खारिज करते हुए बेहद अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा, कि सभी दलीलों पर विचार करने के बाद, हमने पाया कि विवादित आदेशों की इमरजेंसी प्रकृति को देखते हुए, अधिकारियों ने प्रक्रिया का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। कोर्ट ने साफ किया कि सरकार का यह फैसला प्रोपोर्शनैलिटी यानी की समानता की कसौटी पर पूरी तरह खरा उतरता है। देशव्यापी मेडिकल प्रवेश परीक्षा की परिस्थितियों को देखते हुए




यह कदम जायज है, क्योंकि इसमें वैध उद्देश्य छिपा है और सरकार ने हालात को काबू में करने के लिए कम से कम प्रतिबंधात्मक उपाय को अपनाया है।

### नया एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा

री-नीट (यूजी) 2026 परीक्षा से पहले एनटीए ने उम्मीदवारों के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को नया एडमिट कार्ड डाउनलोड करना होगा, क्योंकि 3 मई को आयोजित परीक्षा का प्रवेश पत्र मान्य नहीं रहेगा। इसके अलावा, परीक्षा केंद्र पर प्रवेश से पहले बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी करना भी अनिवार्य होगा। परीक्षा को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए एजेंसी ने कई नए सुरक्षा नियम लागू किए हैं। एनटीए ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी, यह साफ किया जाता है कि जिन लोगों ने 21 जून की नीट यूजी परीक्षा के लिए अपने एडमिट कार्ड पहले ही डाउनलोड कर लिए हैं, उन्हें दोबारा ऐसा करने की जरूरत नहीं है। एसएमएस/ईमेल/वॉट्सएप मैसेज मुख्य रूप से उन छात्रों के लिए हैं, जिन्होंने अभी तक अपने नए एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं किए हैं।

### 1.46 लाख अकाउंट्स तक थी नकल माफिया की पहुंच

सरकार ने कोर्ट को बताया कि नीट के फर्जी प्रश्न पत्र बेचने वाले जिन टेलीग्राम चैनलों, ग्रुप्स और बॉट्स की पहचान की गई थी, उनकी कुल पहुंच करीब 1.46 लाख अकाउंट्स तक हो चुकी थी। सरकार ने कहा कि कंटेंट हटाने के बार-बार किए गए अनुरोध जब नाकाफी साबित हुए, तब जाकर सभी विकल्पों को आजमाने के बाद ही इमरजेंसी ब्लॉकिंग ऑर्डर जारी किया गया।

## 'सैन्य औद्योगिक आधार भविष्य के लिए बहुत जरूरी'

**नागपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नागपुर के अंबाझरी में

- **राजनाथ ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर दिया जोर**

आयुध कारखाने में सरकारी कंपनी यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) की 10,000 टन की एल्युमीनियम एक्सट्रूजन प्रेस का शिलान्यास किया। यह नई सुविधा रक्षा क्षेत्र में जरूरी एल्युमीनियम पुर्जों के आयात पर निर्भरता कम करने में मदद करेगी। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पारंपरिक युद्ध और उसके तरीके आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने 1947 में थे। उन्होंने जोर दिया कि साल 2047 में भी इनकी अहमियत बनी रहेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि युद्ध छिड़ने पर सप्लाई चेन टूट सकती है। ऐसी स्थिति में हर देश चाहता है कि जरूरी सामान का निर्माण अपने ही देश में हो। जो राष्ट्र अपनी जरूरतें खुद पूरी करता है, वही आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकता है।

## ममता के एक और पूर्व मंत्री ने किया किनारा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री ज्योति प्रिया मल्लिक ने शुक्रवार को घोषणा की कि उन्होंने खराब सेहत का हवाला देते हुए टीएमसी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। अपने इस्तीफे को सार्वजनिक करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि उन्होंने पार्टी नेतृत्व को अपने फैसले के बारे में पहले ही बता दिया था। उन्होंने आगे कहा कि मैंने अपनी बेहद खराब सेहत के कारण टीएमसी के सभी पदों से इस्तीफ़ा दे दिया है। यह घटनाक्रम टीएमसी द्वारा संगठन में बड़े फेरबदल और मल्लिक को नई वर्किंग कमेटी में शामिल करने के कुछ ही दिनों बाद हुआ है। बता दें कि मल्लिक को ममता बनर्जी का बेहद खास माना जाता रहा है। उन्होंने ममता सरकार में एक दशक तक अहम मंत्रालय संभाला। मल्लिक 2011 से 2021 तक राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री रहे थे।

## उद्धव की दो टूक : भरोसा नहीं तो पद छोड़ दूंगा

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अपनी पार्टी के 60वें स्थापना दिवस पर विरोधियों को करारा जवाब दिया है। मुंबई में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में उन्होंने कांग्रेस के साथ पार्टी के विलय की खबरों को पूरी तरह खारिज कर दिया। उद्धव ठाकरे ने दो टूक शब्दों में कहा कि जब हमने 30 साल के गठबंधन के बाद भी भाजपा के साथ अपनी पार्टी का विलय नहीं किया, तो फिर कांग्रेस के साथ विलय करने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उन्होंने कहा कि अगर कार्यकर्ताओं को भरोसा नहीं है तो मैं अध्यक्ष पद छोड़ने के लिए भी तैयार हूं। उद्धव ठाकरे ने भाजपा और कांग्रेस की राजनीति की तुलना करते हुए एक बेहद महत्वपूर्ण बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ हमारे हमेशा से तीखे राजनीतिक मतभेद रहे हैं। विचारों की यह लड़ाई जगजाहिर है। लेकिन कांग्रेस ने कभी भी शिवसेना को जड़ से खत्म करने की कोशिश नहीं की। इसके विपरीत, भाजपा आज शिवसेना का नामोनिशान मिटाने पर तुली हुई है। वह हमारी पार्टी को पूरी तरह बर्बाद करना चाहती है।

## ग्रेट निकोबार प्रोजक्ट पर कांग्रेस ने पूछे सरकार से सवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शुक्रवार को पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना को लेकर पत्र लिखा।



इसमें उन्होंने पारदर्शिता की कमी का मुद्दा उठाया। इसके साथ ही जोर देकर कहा कि परियोजना के अलग- अलग पहलुओं के पर्यावरणीय प्रभाव आकलन स्पष्ट रूप से अपर्याप्त हैं।

कांग्रेस नेता का यह नया पत्र पिछले कुछ वर्षों में इस परियोजना को लेकर उनके और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के बीच हुए पत्रों के आदान-प्रदान की पृष्ठभूमि में आया है। पूर्व पर्यावरण मंत्री ने यादव को

- **जयराम रमेश ने पारदर्शिता की कमी पर घेरा**

लिखे अपने नए पत्र में कहा, 3 जून, 2026 के मेरे पत्र के जवाब में 13 जून, 2026 को आपकी प्रतिक्रिया के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, हालांकि यह निराशाजनक और असंतोषजनक थी। मुझे यह कहते हुए खेद है कि ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना के विभिन्न पहलुओं के पर्यावरणीय प्रभाव आकलन स्पष्ट रूप से अपर्याप्त हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों से बेहद कम हैं।

## अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत रद्द

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच फ्रांस में कल पीस डील पर दस्तखत होने के बाद आज स्विट्जरलैंड में आगे की बातचीत होनी थी, लेकिन यह बैठक अचानक

- **लेबनान पर इजराइली हमले जारी**
- **नेतन्याहू के मंत्री बोले- पूरा लेबनान जलना चाहिए**

रद्द कर दी गई। अमेरिकी मीडिया एक्सियोस के मुताबिक, इसके पीछे लेबनान में इजराइल के लगातार जारी सैन्य हमले एक बड़ी वजह हो सकती है। लेबनान की सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, शुक्रवार को इजराइली हमलों में कम से कम 18 लोगों की मौत हुई। दूसरी ओर, हिजबुल्लाह के हमलों में एक टैंक



बटालियन कमांडर समेत 4 इजराइली सैनिक मारे गए हैं। इससे नाराज होकर इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन गवीर ने तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा कि पूरा लेबनान जलना चाहिए। बेन ग्वीर ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी कहा है कि हर इजराइली मां के आंसुओं के बदले एक हजार लेबनानी मांओं को रोना चाहिए। सीएनएन ने एक डिप्लोमैट के हवाले से बताया कि, ईरान ने कहा है कि वह स्विट्जरलैंड में अमेरिका के साथ वार्ता दोबारा शुरू करने से पहले लेबनान में सैन्य कार्रवाई रुकने की गारंटी चाहता है। ईरान ने मांग की है कि साइन हुए समझौते में तय प्रावधानों के मुताबिक लेबनान में लड़ाई खत्म होने का भरोसा दिया जाए। लेबनान में इजराइली हमलों के बाद प्रस्तावित अमेरिका-ईरान वार्ता को अस्थायी रूप से टाल दिया गया है।

हालांकि बातचीत दोबारा कब शुरू होगी, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## 'सैन्य औद्योगिक आधार भविष्य के लिए बहुत जरूरी'

**नागपुर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नागपुर के अंबाझरी में आयुध कारखाने में सरकारी कंपनी यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) की 10,000 टन की एल्युमीनियम एक्सट्रूजन प्रेस का शिलान्यास किया। यह नई सुविधा रक्षा क्षेत्र में जरूरी एल्युमीनियम पुर्जों के आयात पर निर्भरता कम करने में मदद करेगी। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पारंपरिक युद्ध और उसके तरीके आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने 1947 में थे। उन्होंने जोर दिया कि साल 2047 में भी इनकी अहमियत बनी रहेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि युद्ध छिड़ने पर सप्लाई चेन टूट सकती है। ऐसी स्थिति में हर देश चाहता है कि जरूरी सामान का निर्माण अपने ही देश में हो। जो राष्ट्र अपनी जरूरतें खुद पूरी करता है, वही आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकता है।

## सिंगरौली में अर्थ फाल्ट से ट्रिपिंग 3000 मेगावाट उत्पादन प्रभावित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** भीषण गर्मी के चलते उत्तर प्रदेश में विद्युत मांग बढोत्तरी हुई है। इसके चलते सिंगरौली क्षेत्र की दोनों उच्च

- **यूपी का उत्पादन 950 मेगावाट प्रभावित**

वोल्टेज ट्रांसमिशन लाइनों में अर्थ फॅल्ट के कारण ट्रिपिंग हुई, जिसके चलते एनटीपीसी की रिहंद तापीय विद्युत स्टेशन की तीनों इकाइयां प्रभावित हुईं। इन इकाइयों के प्रभावित होने के कारण 3000 मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ है, जिसमें से उत्तर प्रदेश का लगभग 950 मेगावाट विद्युत हिस्सा प्रभावित रहा। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय सेक्टर की ज्वाइंट वैंचर की घाटमपुर यूनिट-2(660मेगावाट )एवं खुर्जा यूनिट 2(660 मेगावाट),तथा निजी क्षेत्र की ललितपुर तापीय परियोजना यूनिट-3 (660 मेगावाट), अनपरा-सी यूनिट-1 600 मेगावाट, एवं रोजा यूनिट-1 (300 मेगावाट) भी तकनीकी कारणों से प्रभावित हुई। राज्य विद्युत उत्पादन निगम की ओबरा-सी यूनिट-2 एवं हरदुआगंज-डी यूनिट-9 भी तकनीकी कारणों से प्रभावित रही जिसे शुक्रवार को पुनः चालू कर लिया गया है। फिलहाल इन तकनीकि कारणों से आई दिक्कतों के कारण विद्युत मांग को पूरा करने में चुनौतियां आयीं है। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा विद्युत उपलब्धता बनाए रखने के लिए अन्य उपलब्ध स्रोतों से अतिरिक्त विद्युत की व्यवस्था का निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं और विद्युत व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है। प्रदेश में बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे है।

## चार राज्यों में दालों-तिलहनों की खरीद को मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ देने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने चार राज्यों में दलहन और तिलहन की बड़े पैमाने पर खरीद को मंजूरी दे दी है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि

- **उत्तर प्रदेश बना सबसे बड़ा लाभार्थी**

यह खरीद मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में की जाएगी। इसका मुख्य मकसद किसानों को उनकी फसल का सही दाम दिलाना और उन्हें मजबूरी में कम कीमत पर फसल बेचने से बचाना है।

उत्तर प्रदेश को सबसे ज्यादा फायदा इस फैसले से उत्तर प्रदेश को सबसे ज्यादा फायदा होने वाला है। राज्य में ग्रीष्मकालीन 2026 सीजन के लिए 48,298 मीट्रिक टन मूंग, 97,970 मीट्रिक टन उड़द और 41,718 मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद को मंजूरी मिली है। इन फसलों की कुल एमएसपी कीमत 1,490 करोड़ रुपये से अधिक है। कृषि मंत्री के अनुसार, इस कदम से राज्य के दाल और तिलहन उगाने वाले किसानों को बहुत बड़ी मदद मिलेगी। गुजरात के लिए भी सरकार ने अहम फैसला लिया है। वहां ग्रीष्मकालीन 2026 सीजन के लिए 18,250 मीट्रिक टन मूंग की खरीद को मंजूरी दी गई है। इसकी कुल एमएसपी कीमत 160 करोड़ रुपये से ज्यादा होगी। इससे गुजरात के मूंग किसानों को बाजार में बेहतर दाम मिल सकेंगे। इसी तरह, हरियाणा में भी ग्रीष्मकालीन 2026 सीजन के दौरान 2,115 मीट्रिक टन मूंग खरीदी जाएगी।

### पीएम मोदी को अभिजीत दीपके का पत्र

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके 20 जून को जंतर-मंतर पर छात्रों के प्रस्तावित विरोध-प्रदर्शन से पहले शुक्रवार को पीएम मोदी को पत्र लिखा। इस पत्र में उन्होंने पीएम मोदी से अपील कि की वह उन छात्रों के परिवारों को 1 करोड़ रुपये का मुआवज़ा दें, जिनकी परीक्षा से जुड़े विवादों के बीच कथित तौर पर आत्महत्या से मौत हो गई। इसके साथ ही उन्होंने पेपर लीक की जवाबदेही तय करने की मांग करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने की अपनी मांग दोहराई है। पीएम मोदी को लिखे अपने पत्र में दीपके ने कहा, मैं आज भारी मन से आपको लिख रहा हूं ताकि आपका ध्यान एक बढ़ते हुए संकट की ओर आकर्षित कर सकूं जो हमारे देश के भविष्य यानी हमारे युवा छात्रों के जीवन और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है।

### राहुल को जन्मदिन की पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के 56वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर संदेश जारी कर राहुल गांधी के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। वहीं, कांग्रेस नेताओं ने उनके राजनीतिक संघर्ष, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता और जनता से जुड़ाव को रेखांकित करते हुए उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में लिखा, लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी जी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद प्रधानमंत्री की ओर से दिया गया यह संदेश चर्चा का विषय बना हुआ है।

### होर्मुज में तीन महीने से फंसा टैंकर भारत पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारतीय एलएनजी टैंकर दिशा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर भारत पहुंच गया है। तीन महीने से अधिक के इंतजार के बाद 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी का कार्गो लेकर गुजरात के दहेज बंदरगाह पर पहुंच गया है। जहाज ट्रैकिंग डेटा पर आधारित जानकारी के अनुसार यह जहाज अपनी यात्रा पूरी करके शुक्रवार को सुबह लगभग 7.32 बजे दहेज टर्मिनल पर पहुंचा। सूत्रों के मुताबिक, टैंकर ने अपनी यात्रा पूरी करने से पहले तीन महीने से अधिक समय तक खाड़ी क्षेत्र में ही बिताया था। तेल और गैस की ढुलाई के लिए दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य से इसका सुरक्षित गुजरना भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अहम माना जा रहा है।

### गांवों में कदम

### मोदी सरकार उतारेगी 100+ एरिया ऑफिसर

# 1 जुलाई से देश के गांवों में होगा बड़ा अभूतपूर्व बदलाव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार 1 जुलाई 2026 से विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका

- **रोजगार गारंटी मिशन को लेकर आया प्लान**

मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी कानून को लागू करने जा रही है। गारंटीड मजदूरी से लेकर क्लाइमेट-स्मार्ट गांव बनाने तक, इस मिशन को जमीन पर उतारने के लिए सरकार 100 से ज्यादा एरिया ऑफिसरों को सीधे फील्ड में उतारेगी।

**हर जिले में पहुंचेगा रिसोर्स पर्सन**

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, कानून को सुचारु रूप से लागू करने की दिशा में एक बड़े कदम के तौर पर एरिया ऑफिसर रोलआउट के दौरान सुविधादाता और रिसोर्स पर्सन के रूप में काम करेंगे। वे राज्य सरकारों और जिला प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करेंगे ताकि इसके क्रियान्वयन में मदद मिल सके, स्थानीय क्षमताएं मजबूत हों, जानकारी का आदान-प्रदान हो, कामकाज से जुड़ी चुनौतियों का समाधान हो सके और बेहतर तरीकों को अपनाया जा सके।



**गांव-गांव जाकर समझेंगे जमीनी जरूरतें**

वे जमीनी स्तर के अधिकारियों से भी बातचीत करेंगे ताकि क्रियान्वयन की जरूरतों को समझ सकें, अनुभवों और बेहतर तरीकों के आदान-प्रदान में मदद कर सकें, क्षमता निर्माण के प्रयासों में सहयोग दे सकें और कामकाज से जुड़े मुद्दों के समाधान में सहायता कर सकें।

आधिकारिक बयान के अनुसार, एरिया अफसरों की भागीदारी से विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल मजबूत होगा और नए फ्रेमवर्क में बदलाव के दौरान इसे प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य संस्थागत सहायता प्रदान करना और देशभर में कानून को सुचारु रूप से लागू करना है। लगभग 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने पहले ही कानून को लागू करने के लिए बजट की व्यवस्था कर ली है, जबकि छह राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने ने वीबी-जी राम जी फ्रेमवर्क के तहत अपनी राज्य योजनाएं अधिसूचित (नोटिफाई) कर दी हैं। बयान में कहा गया है कि बाकी राज्य और केंद्र शासित राज्य अपनी योजनाओं को अंतिम रूप देने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुके हैं।

**सिर्फ मजदूरी नहीं, 2047 के विजन की भी नींव**

खास बात यह है कि वीबी-जी राम जी कानून, 2025 का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को टिकाऊ और समावेशी ग्रामीण विकास का माध्यम बनाना है। इसके तहत गारंटीड मजदूरी वाले रोजगार को आजीविका संवर्धन, जलवायु अनुकूलन, ग्रामीण बुनियादी ढांचे के निर्माण और तकनीक-आधारित शासन व्यवस्था से जोड़ा जाएगा।

# उन्नाव समाचार

## बुजुर्गी कब्जे वाली भूमि पर कब्जे का प्रयास पीड़ित ने कोतवाली में दी तहरीर

हसनगंज संवाददाता

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुंशीखेड़ा के मजरा शाहपुर तोदा में भूमि विवाद का मामला सामने आया है। पीड़ित कमलेश मौर्य ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर गांव के कुछ लोगों एवं ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थी कमलेश मौर्य के अनुसार शाहपुर तोड़ा स्थित उनकी भूमिए गाटा संख्या 983 रकबा 0०003 हेक्टेयरए उनके नाम संक्रमणीय अधिकार वाली खतौनी में दर्ज है। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि से सटी आबादी की जमीन पर उनके परिवार का लगभग 40.50 वर्षों से बुजुर्गी कब्जा चला आ रहा है। आरोप है कि गांव के ही रामबाबू पुत्र रामनाथए नरेश पुत्र नंद तथा छोटाए किशोरी व सोनू पुत्रगण जंग बहादुर सहित अन्य लोगों ने कथित रूप से दबंगई के बल पर उक्त भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया। जब इसकी जानकारी मिलने पर कमलेश मौर्य ने ग्राम प्रधान से शिकायत की तो उन्हें भूमि खाली करने के लिए कहा गया और बताया गया कि वहां बारातघर का निर्माण कराया जाएगा। पीड़ित का कहना है कि बारातघर निर्माण के लिए ग्राम सभा में पहले से ही गाटा संख्या 981 आरक्षित हैए ऐसे में उनकी कब्जे वाली भूमि को खाली कराने का कोई औचित्य नहीं है। कमलेश मौर्य ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर प्रधान एवं अन्य लोगों ने उन्हें लाठी.डंडों और धारदार हथियारों के साथ घेर लिया तथा गाली.गलौज करते हुए शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर आवश्यक एवं उचित कार्रवाई की जाएगी।

## लाठी डन्डो व धारदार हथियारों से पीटा

**पुरवा उन्नाव** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुल्तान पुर निवासिनी रेखा यादव के मुताबिक उसके पति राजनरायण बाईक से अपने खेत गये थे जहाँ बाइक को सडक किनारे खडी कर खेत देखने लगे और जब वापस आने के लिये बाईक चालू कर ही रहे थे तभी ग्राम बाबाखेडा निवासी अशोक कुमार अकारण ही गाली गलौज करने लगे जब पति ने गाली देने का विरोध किया तो अशोक ने कहा यहाँ पर हम अपने जानवर बाँधते है जब पति ने गाडी सडक किनारे खडी करने की बात कही तो अशोक व अन्य कुछ लोग आये और लाठी डन्डो व धारदार हथियारों से पीटने लगे जिससे उसके पति लहूलुहान होकर गिर पडे जिससे सिर फंटने के साज शरीर मे काफी चोटे आयी है! कोतवाली पुलिस ने मामले की गम्भीरता को लेते हुऐ तत्काल प्रभाव से मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन मे जुट गयी!

## चार सदस्य गंभीर रूप से घायल

नवाबगंज उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरीए जिससे बाइक सवार परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। हादसे में महिला और उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गएए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। महिखेड़ा गांव निवासी शंकर लाल अपनी पत्नी पियारा तथा पुत्रों युगए राज और अनुराग के साथ बाइक से अजगैन कोतवाली क्षेत्र के पिड़हरी गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में माधवखेड़ा गांव के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी। हादसे में पूरा परिवार घायल हो गया। इनमें पियारा और उनके पुत्र युग को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मां.बेटे को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली

बांगरमऊ।कोतवाली क्षेत्र के गांव में एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव कब्जे में विजय सिंह की शादी बीते लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहरापुर के मजरा ककरिहा पुरवा निवासी विजय सिंह यादव पुत्र रतीराम यादव की शादी पूनम 32 वर्ष के साथ बीते 30 नवंबर 2020 को हुई थी। आज शुक्रवार को पूनम अपने घर के अंदर फांसी के फंदे पर झूल गई। पूनम को फांसी के फंदे पर झूलता देखकर परिजनों के होश उड़ गए और परिजनों में चीख.पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नायब तहसीलदार की मौजूदगी में शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों से बात करने पर घटना का कारण ज्ञात नहीं हो सका है।

## अध्यक्ष नगर पालिका ने स्वनिधि महोत्सव में लाभार्थियों को किया सम्मानित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभर के रेहड़ी.पटरीए ठेला एवं फेरी व्यवसायियों को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि ;पीएम स्वनिधिद्ध योजना के सफलतापूर्वक 06 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज नगर पालिका परिषद उन्नाव के सभागार में ष्स्वनिधि महोत्सवष् कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्ट्रीट वेंडर्स को योजना की मुख्यधारा से जोड़नाए उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा उनके आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना रहा।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद उन्नाव की माननीय अध्यक्ष श्रीमती श्वेता भानू मिश्रा जी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं लाभार्थियों के स्वागत के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्सए स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधिए नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वनिधि महोत्सव के दौरान पीएम स्वनिधि योजना के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। लाभार्थियों को प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय ऋण चक्रए समय पर ऋण अदायगी के लाभए ब्याज सब्सिडीए डिजिटल लेन.देन पर प्रोत्साहन राशि तथा व्यवसाय विस्तार की संभावनाओं के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही ष्स्वनिधि से समृद्धिष् अभियान के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा संचालित आठ प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने की प्रक्रिया एवं पात्रता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् श्वेता भानू मिश्रा ने पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित अनेक स्ट्रीट वेंडर्स को प्रमाण.पत्र एवं परिचय बोर्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि योजना के माध्यम से प्राप्त ऋण सहायता ने उनके व्यवसाय को नई गति प्रदान की है। इससे न केवल उनके कारोबार में वृद्धि हुई हैए बल्कि उनकी आय में भी उल्लेखनीय सुधार आया है। कई लाभार्थियों ने बताया कि डिजिटल भुगतान अपनाने से ग्राहकों की संख्या बढ़ी है तथा उनके व्यवसाय को आधुनिक स्वरूप मिला है।

माननीय अध्यक्ष श्रीमती श्वेता भानू मिश्रा जी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना देश के लाखों छोटे व्यापारियों एवं स्ट्रीट वेंडर्स के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली ऐतिहासिक योजना है। यह योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती हैए बल्कि छोटे व्यापारियों को सम्मानपूर्वक आजीविका अर्जित करने एवं आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी देती है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद उन्नाव जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

उन्होंने सभी पात्र स्ट्रीट वेंडर्स से अपील की कि वे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनें। उन्होंने योजना के सफल क्रियान्वयन में सहयोग देने वाले अधिकारियोंए कर्मचारियों एवं लाभार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी के उज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का समापन लाभार्थियों के उत्साहपूर्ण सहभागए जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता एवं आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

## अधिवक्ताओं के बीच विवाद



हसनगंज उन्नाव तहसील परिसर स्थित मालखाना भवन में शटर लगाए जाने को लेकर अधिवक्ताओं के बीच विवाद हो गया सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद तहसील परिसर में चर्चाओं का दौर शुरू हो गयाअधिवक्ता राजेंद्र पाठक ने मालखाना परिसर में लगाए गए शटर की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए सवाल उठाए। तस्वीर वायरल होने के बाद अधिवक्ताओं समेत कई लोगों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। कुछ लोगों ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि सरकारी परिसर ही सुरक्षित नहीं हैं तो यह गंभीर विषय है। वहीं बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री मुनेश्वर रावत ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि जिस परिसर में शटर लगाया गया हैए उसे उन्होंने ठेकेदार से खरीदा था। उनका कहना है कि परिसर में पुराने अभिलेख और स्टांप से संबंधित सामग्री रखी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त स्थान पर पहले राजेंद्र पाठक ने अवैध रूप से कुर्सी रखी थीए जिसे हटाए जाने से नाराज होकर उन्होंने तस्वीर खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम नरेश यादव ने बताया कि इस संबंध में पहले भी एक बैठक आयोजित की गई थीए जिसमें मुनेश्वर रावत उपस्थित नहीं हुए थे। अब पुनः बैठक बुलाई गई है और उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। बैठक में मामले पर चर्चा कर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय ने बताया कि मालखाना परिसर में कोई सरकारी दस्तावेज नहीं रखा है। उन्होंने कहा कि यह मामला बार एसोसिएशन से जुड़ा है। यदि इस संबंध में कोई लिखित शिकायत मिलती है तो नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सुंदरकांड पाठ के बाद भंडारे का आयोजन



हसनगंज संवाद ब्लाक के सेमरा गांव स्थित यादव मार्केट में शुक्रवार को दीपक यादव एडवोकेट के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों के साथ पाठ का श्रवण कियाएपाठ के समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गयाए जिसमें चावलए पूड़ी.सब्जी एवं बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर प्रेम शंकर यादवए बालेंद्र भदौरियाए पीयूष यादवएटिंकू यादव ए सहित अन्य लोग मौजूद रहे

## पुराने अंत्येष्टि स्थल का रंग रोगन कराकर नए अंत्येष्टि स्थल का पैसा हजम कर जाने का आरोप

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। क्षेत्र की नगर पंचायत के सभासदों द्वारा नगर अध्यक्ष पर नगर पंचायत में बने पुराने अंत्येष्टि स्थल का रंग रोगन कराकर नए अंत्येष्टि स्थल का पैसा हजम कर जाने का आरोप लगाया है। नगर पंचायत के सभासदों ने जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है।

क्षेत्र की नगर पंचायत ऊगू के आधा दर्जन सभासदों ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि नगर पंचायत में सन 2015 . 16 में अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया गया था। सभासदों ने बताया कि शासन द्वारा नगर पंचायत में पुनः अंत्येष्टि स्थल निर्माण हेतु सन 2023.24 में 30 लाख की धनराशि निर्गत की गई थी। किंतु वर्तमान नगर अध्यक्षा द्वारा ठेकेदार आदि से मिलकर नगर पंचायत में बने पुराने अंत्येष्टि स्थल की रिपेयरिंग एवं उसका रंग रोगन कराकर नए अंत्येष्टि स्थल निर्माण के लिए आई धनराशि को निकाल लिया गया। सभासदों ने आरोप लगाया है कि पुराने अंत्येष्टि स्थल पर पड़ी टीन शेड को गायब करा दिया गया है।जबकि उक्त टीन शेड अभी ठीक ठाक स्थिति में थी।

## मुठभेड़ के दौरान संत मिलन दास के हत्यारे इजराइल की गोली से मौत की मजिस्ट्रेटियल जांच जारी

बांगरमऊ। बीते 15 जून को क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ के दौरान संत मिलन दास के हत्यारे इजराइल की गोली से मौत की मजिस्ट्रेटियल जांच जारी है। जांच अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट उन्नाव मनोज सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आमजन से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के पास मुठभेड़ से संबंधित कोई जानकारीए तथ्यए लिखित साक्ष्य अथवा बयान हैंए तो वह जांच अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।

नगर मजिस्ट्रेट मनोज सिंह ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति आगामी 4 जुलाई तक पूर्वाह्न 11 बजे से सायं 4 बजे के बीच उन्नाव स्थित उनके कार्यालय में किसी भी दिवस उपस्थित होकर अपना मौखिक या लिखित बयान दर्ज करा सकता है। इसके साथ ही घटना से संबंधित दस्तावेजए फोटोए वीडियो अथवा अन्य कोई साक्ष्य भी जांच के लिए उपलब्ध कराए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति कार्यालय तक पहुंचने में असमर्थ हैंए वे अपने बयान और साक्ष्य रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भी भेज सकते हैं।

गौरतलब है कि 15 जून को बांगरमऊ में हुई पुलिस मुठभेड़ में संत मिलन दास के हत्यारोपी इसराइल की मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद शासन के निर्देश पर मामले की मजिस्ट्रियल जांच कराई जा रही है। जांच अधिकारी ने कहा है कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए सभी पक्षों की बात सुनी जाएगी और प्राप्त साक्ष्यों का परीक्षण किया जाएगा।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 301 वीं जयंती पर सामाजिक समरसता संगोष्ठी का आयोजन



बांगरमऊ। नगर के एक गेस्ट हाउस में पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 301 वीं जयंती पर सामाजिक समरसता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अथिति अवध प्रान्त समरसता प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजकिशोर ने कहा कि अहिल्याबाई न्याय की देवी थीं। उनके शासनकाल में मालवा राज्य शांतिए समृद्ध और सुशासन के मामले में विख्यात था।संगोष्ठी में सर्वप्रथम संघ के राजकिशोर व क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार तथा स्थानीय ब्रम्हाकुमारीज राजयोग केंद्र संचालिका बीके सरला बहन ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। बाद में राजकिशोर ने कहा कि अहिल्याबाई ने भारत के अनेक प्रमुख तीर्थस्थलों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया। इनमें विशेष रूप से काशी विश्वनाथ मंदिरए सोमनाथ मंदिरए विष्णुपद मंदिरए केदारनाथ मंदिर सहित अनेक तीर्थों का पुनर्निर्माण एवं विकास कराया।विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा कि लोकमाता ने महिलाओं को सम्मानजनक जीवन देने का प्रयास किया। विधवाओं के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया और महिलाओं की शिक्षा और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित किया। राजयोग केंद्र संचालिका बीके सरला बहन ने कहा कि माता अहिल्याबाई होल्कर केवल एक महान शासक ही नहीं बल्कि समाज सुधारकए धर्मरक्षक और जनकल्याणकारी व्यक्तित्व थीं। उन्होंने न्यायए सेवाए महिला सम्मानए धार्मिक संरक्षण और लोककल्याण के माध्यम से भारतीय इतिहास में अपना नाम अमर कर दिया। संगोष्ठी में लवकुशनगर समरसता प्रमुख श्यामवीरए जिला प्रचारक देवेन्द्रए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुनलाल दिवाकरए भाजपा जिला उपाध्यक्ष मुकेश पालए ज्ञानेश द्विवेदी व विकास गुप्ता शामिल रहे।

# कानपुर देहात समाचार

## भाजपा जिला अध्यक्ष ने दुखी परिजनों के पास पहुंच व्यक्त की संवेदना



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।** बीते दिनों प्रभु के अनन्य भक्त सत्यनारायण सैनी के हुए निधन पर शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष रेणुका सचान एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रागिनी भदोरिया के सम्मानित पति पूर्व ब्लाक प्रमुख स्वतंत्र सिंह भदोरिया प्रमुख व्यापारी नेता रामजी मिश्रा आदि ने उनके आवास पहुंचे दुखी परिजनों से मुलाकात करते हुए उन्हें सांत्वना प्रदान की इस दौरान जिला अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि श्री सैनी वास्तव में पुण्य आत्मा थे जिनका सारा जीवन भगवान की सेवा में व्यतीत हुआउनके निधन से पूरे अकबरपुर शहर में शोक की लहर दौड़ गई थी हजारों की संख्या में लोग उनके अंतिम दर्शनों को उनके आवास पर एकत्र हो गए थे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गोपाल सैनी के पिता सत्यनारायण सैनी के निधन की जानकारी लगने से शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष रेणुका सचान वरिष्ठ भाजपा नेता सत्येंद्र भदौरिया अकबरपुर ब्लॉक प्रमुख संरक्षक पंडित रवि शशि द्विवेदी प्रमुख व्यापारी नेता रामजी मिश्रा डीजीसी विमल द्विवेदी व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुभव अग्रवाल चंद्र कुमार शुक्ला राजल शुक्ला गौरव दुबे मनीष तिवारी गौरव त्रिपाठी मनीष सैनी धर्मेंद्र सिंह अखिलेश सिंह रविंद्र शर्मा अंकित परमार नीरज त्रिपाठी महेश शर्मा राम गणेश पाल आदि ने पहुंचकर अपनी शोक संवेदना प्रकट की जिला अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि नसीब की बात है जो ऐसी पुण्य आत्मा हमारे बीच आती है उन्होंने कहा कि हम सभी को आज इस बात का संकल्प लेना चाहिए कि उनके बताएं मार्ग पर चलते हुए प्रभु की सेवा में खुद को हमेशा समर्पित बनाए रखेंगे यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी इस दौरान अनेकों लोग मौजूद रहे ।

## समाजवादी विचारक शिशुपाल यादव के निधन से सपा को अपूरणीय क्षति जिले में शोक

**पूर्व जिलाध्यक्ष ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि दुर्वासा आश्रम पहुंच अंतिम संस्कार में भी हुए शामिल**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।** जीवन की आखिरी सांस तक समाजवादी पार्टी के समर्पित सिपाही बनकर पार्टी के परचम को बुलंद रखने वाले सच्चे समाजवादी जिला उपाध्यक्ष शिशुपाल यादव ने शुक्रवार को शरीर त्याग दिया बेहद ही सौम्य एवं सरल स्वभाव के धनी शिशुपाल यादव का निधन होने की जानकारी लगते ही पूर्व जिला अध्यक्ष प्रांतीय नेता चौधरी वीर सेन यादव अपने सभी कार्यक्रमों को निरस्त कर तत्काल दिवंगत सपा नेता के आवास पहुंचे दुखी परिजनों से मुलाकात कर उन्होंने अंत्येष्टि स्थल पर भी पहुंचकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आज कानपुर देहात जिले ने एक सच्चा समाजवादी खो दिया है जिसकी भरपाई संभव नहीं है उन्होंने कहा कि शिशुपाल जी अब हमारे बीच नहीं रहे हैं लेकिन उन्होंने जीवन पर्यंत समाजवादी पार्टी को विकास की बुलंदियों पर पहुंचाने का प्रयास किया है जिसे अब हम सभी लोग पूरा करेंगे



उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर परिवार के साथ पूरे समर्पण भाव से खड़े होने का वचन भी दिया । थोड़ा बहुत नहीं बल्कि उम्र के लंबे पड़ाव तक मुरीदपुर निवासी शिशुपाल यादव समाजवादी पार्टी के सच्चे सिपाही साबित हुए सपा संरक्षक स्मृति शेष पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के बेहद ही नजदीकियों में खुद का सुमार रखने वाले शिशुपाल यादव में अहंकार नाम का कोई स्थान नहीं था दरवाजे आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सहायता में तन मन और धन से समर्पित हो जाना ही उनका नैतिक दायित्व साबित होता था शुक्रवार को उनका निधन होने की जानकारी लगता ही पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई हजारों की संख्या में लोग उनके आवास पर अंतिम दर्शनों के लिए एकत्र हो गए उपरोक्त जानकारी लगते ही अपने समस्त कार्यक्रम निरस्त कर पूर्व सपा जिला अध्यक्ष प्रांतीय नेता चौधरी वीर सेन यादव भी उनके आवास पर पहुंचे श्री यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि दी इसके उपरांत वे अंत्येष्टि स्थल पर भी पहुंचे इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वर्गीय शिशुपाल सिंह यादव समाजवादी विचारधारा के सच्चे प्रहरी कर्मठ कार्यकर्ता और जनसेवा के लिए समर्पित नेता थे। उन्होंने अपने चार दशक से अधिक लंबे राजनीतिक और सामाजिक जीवन में समाज के हर वर्ग के बीच सम्मानजनक पहचान बनाई। उनके निधन से न केवल समाजवादी पार्टी बल्कि पूरे जनपद को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि शिशुपाल यादव का संघर्ष समर्पण और समाजवादी मूल्यों के प्रति निष्ठा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी वीरसेन यादव ने कहा कि स्वर्गीय शिशुपाल यादव ने हमेशा संगठन को मजबूत करने और आम लोगों की समस्याओं को उठाने का कार्य किया। उनके जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं में गहरा दुख है। उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी का पूरा परिवार हर सुख.दुख में उनके साथ खड़ा रहेगा।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष समरथ सिंह पाल अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव शेखू खान सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह फौजी जिला सचिव हर्ष त्रिवेदी पूर्व जिला पंचायत सदस्य कल्लू यादव रामनरेश यादव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष सुजीत सिंह पाल विक्रम सिंह पमपम कुलदीप सिंह बृजेश कुमार गौतम सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा के उपरांत वीरसेन यादव अपने सहयोगियों के साथ दुर्वासा आश्रम पहुंचेए जहां उन्होंने स्वर्गीय शिशुपाल सिंह यादव की अंत्येष्टि में शामिल होकर अंतिम प्रणाम किया। इस दौरान क्षेत्र के अनेक राजनीतिकए सामाजिक और गणमान्य लोगों ने भी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## ई.पंजीकरण की नई व्यवस्था के विरोध में बार एसोसिएशन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



रसूलाबाद कानपुर देहात। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लागू की जा रही नई ई.पंजीकरणध्निजी ऑनलाइन रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में बार एसोसिएशन रसूलाबाद ने गत दिवस उपजिलाधिकारी शिखा शंखवार के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि नई व्यवस्था वापस नहीं ली गई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आर पी सिंह राजपूत एडवोकेट व महामंत्री लाल मोहम्मद खान एडवोकेट के हस्ताक्षर से जारी ज्ञापन में कहा गया कि नई ऑनलाइन व्यवस्था से अधिवक्ताओं किसानों व आम जनमानस की रोजी.रोटी व व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ज्ञापन में आशंका जताई गई कि इस व्यवस्था में वादकारियों व किसानों के फर्जी अंगूठा लेकर दलालों व भूमाफियाओं द्वारा आतंक व दबाव के बल पर अवैध ई.पंजीकरण कराने की प्रबल संभावना बनी रहेगी। ज्ञापन मे यह भी कहा गया कि किसान एवं गरीब बिना पढ़े.लिखे व्यक्तियों के साथ एक बीघा के स्थान पर दो बीघा तथा बिना प्रतिफल दिये धोखाधड़ी कर फर्जी ई.पंजीकरण बैनामा करा लिये जाएंगे। इससे आम जनमानस का हनन व शोषण होगा एवं अशांति पैदा होगी। और किसान परेशान होगा । बार एसोसिएशन ने मांग की कि ई.पंजीकरण व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए जिससे प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम रहे। ज्ञापन देने वालों में सुशील त्रिवेदी बृजेश कुमार त्रिपाठी सुशील शुक्ला संदीप मिश्रा अजय पाल सिंह राजपूत शिव स्वरूप राजपूत भीम सिंह पाल विमल कुमार चतुर्वेदी कन्हैया लाल कुशवाहा अरुण कुमार राजपूत अर्जुन सिंह बृजेश चतुर्वेदी सहित एडवोकेट प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## चेयरमैन अंशु के तूफानी जनसंपर्क से भाजपामय हुआ अकबरपुर का माहौल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष संपर्क अभियान के तहत राजपुर चेयरमैन अंशू त्रिपाठी ने अकबरपुर में प्रबुद्धजनों से संवाद स्थापित कर सरकार की उपलब्धियां गिनाई और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शुक्रवार को राजपुर चेयरमैन भाजपा नेता अंशू त्रिपाठी ने संर्पक अभियान का शुभारंभ गौरियापुर स्थित श्री रामजानकी आश्रम में दर्शन पूजन से किया। इसके उपरांत उन्होंने महंत देवनारायण दास जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद अकबरपुर कस्बे में कई प्रबुद्ध और संभ्रात नागरिकों के आवास पहुंचकर उनका अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया और पत्रक देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा सुशासन विकास एवं विश्वास के संकल्प के साथ किए गए विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों व उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में गरीब कल्याणए किसान हित महिला सशक्तिकरण युवाओं के उत्थान आधारभूत संरचना के विकास तथा भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर प्रबुद्धजनों ने भी केंद्र सरकार की नीतियों योजनाओं एवं विकास कार्यों पर अपने विचार व्यक्त किए इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## रसूलाबाद में धूमधाम से मना राहुल गांधी का जन्मदिवस कांग्रेसियों ने काटा केक

**जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष मनोरमा शंखवार के नेतृत्व में हुआ आयोजन राहुल को बताया युवाओं की आवाज**



रसूलाबाद कानपुर देहात। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्म दिवस शुक्रवार को रसूलाबाद तहसील परिसर स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा व पूर्व कांग्रेस विधायक प्रत्याशी मनोरमा शंखवार के नेतृत्व में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने केक काटकर एक.दूसरे को बधाई दी और राहुल गांधी की दीर्घायु की कामना की। जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष मनोरमा शंखवार ने कहा कि राहुल गांधी देश के युवाओं किसानों और गरीबों की आवाज हैं। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के जरिए नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली है। आज उनके जन्मदिन पर हम संकल्प लेते हैं कि उनके विचारों को जन.जन तक पहुंचाएंगे।कांग्रेस नेता आनंद बाबू द्विवेदी ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ी है। बेरोजगारी महंगाई के खिलाफ उनकी आवाज ही विपक्ष की सबसे मजबूत आवाज है। उनके नेतृत्व में कांग्रेस 2027 में उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तीरन सिंह नैय्यर ने कहा कि राहुल गांधी का जीवन सादगी और संघर्ष की मिसाल है। उन्होंने सत्ता के लिए नहीं जनता के मुद्दों के लिए राजनीति की है। प्रदेश का हर कांग्रेसी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के बताए मार्ग पर चलने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौर आशुतोष पाठक शिव सिंह वकील खान मुस्ताक खान राम शंकर उजियारे लाल गौतम धर्मेंद्र धर्मवीर शंखवार साहिबान आलम सहित सैकड़ों कांग्रेसी मौजूद रहे ।

स्वतंत्र भारत
कानपुर, शनिवार, 20 जून 2026


# फतेहपुर समाचार

**कंसपुर स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरकर यात्री की मौत**

**फतेहपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कंसपुर रेलवे स्टेशन के समीप चलती ट्रेन से अचानक नीचे गिर जाने के कारण एक 50 वर्षीय अधेड़ यात्री की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची जीआरपी और स्थानीय पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर विच्छेदन गृह भेज दिया है। मृतक की पहचान बलिया जनपद के थाना सुखपुरा के अंतर्गत ग्राम धर्मपुरवा निवासी त्रिभुवन पुत्र हीरा गौड़ के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि त्रिभुवन ट्रेन के दरवाजे पर बैठा हुआ था और कंसपुर स्टेशन के पास अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया।

- फतेहपुर सहकारिता विभाग में बड़ा धमाका

## वसूली बाबू के कारनामे उजागर, बी-पैक्स जमरावा अध्यक्ष ने अपर आयुक्त को सौंपी ब्लैक लिस्टेड कुंडली

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** जनपद के सहकारिता विभाग में पैर पसार चुके संगठित भ्रष्टाचार और अवैध उगाही के सिंडिकेट का एक बड़ा भंडाफोड़ हुआ है। कल जिले के औचक दौरे पर आए प्रदेश के अपर आयुक्त (सहकारिता) के सामने यह मामला उस समय गरमा गया, जब भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं बी-पैक्स जमरावा के अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने उन्हें एक शिकायत पत्र सौंपकर जिला सहायक निबंधक कार्यालय के कारनामों की पूरी फाइल खोल दी।

सौंपे गए पत्र में कार्यालय के एक रसूखदार लिपिक पर पद के दुरुपयोग और अवैध वसूली के बेहद संगीन आरोप लगाते हुए तत्काल विधिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई है, जिसके बाद से ही पूरे महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। शिकायत पत्र में सीधे तौर पर निशाना बने सहायक निबंधक कार्यालय के लिपिक (संग्रह सहायक) अनिल कुमार वर्मा को जनपद में वसूली बाबू के नाम से संबोधित करते हुए उनके कारनामों की लंबी सूची दी गई है। बी-पैक्स जमरावा के अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने आरोप लगाया है कि उक्त लिपिक द्वारा नई गठित होने वाली सहकारी समितियों को हरी झंडी देने के एवज में 3 लाख से 3.50 लाख तक की खुली घूस वसूली गई है।

हद तो यह है कि किसानों की रीढ़ कही जाने वाली खाद की सप्लाई को भी इस उगाही से जोड़ दिया गया है, जो समितियां अवैध रकम दे रही हैं, उन्हें तत्काल खाद आवंटित हो रही है, जबकि नियमों पर चलने वाली वैध समितियां खाद की किल्लत से जूझ रही हैं। इसके अलावा सरकारी धान खरीद केंद्रों पर भी प्रति कुंतल 10 का फिक्स कमीशन वसूलने का गंभीर आरोप है।

भ्रष्टाचार की इस बहती गंगा में लिपिक अनिल वर्मा पर परिवारवाद और प्रशासनिक धोखाधड़ी का भी बड़ा आरोप लगा है। शासनादेशों की धज्जियां उड़ाने का हवाला देते हुए बी-पैक्स अध्यक्ष ने उजागर किया कि शासन द्वारा वर्ष 2020 से नई नियुक्तियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद, आरोपी लिपिक ने कूटरचित तरीके से फाइलों में हेरफेर की। उसने अपने पुत्र उज्ज्वल वर्मा की विभाग में अवैध बैकडेट (वर्ष 2018) दिखाकर नियम विरुद्ध नियुक्ति करा ली, जबकि वास्तविक सहकार साथी (कंप्यूटर ऑपरेटर) आज भी समितियों में तैनाती की राह देख रहे हैं। इस हाई-प्रोफाइल शिकायत के बाद सहकारिता क्षेत्र के गलियारों में खलबली मची है और अब हर किसी की नजरें अपर आयुक्त द्वारा की जाने वाली उच्च-स्तरीय जांच और विधिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

## प्रभारी मंत्री और डीएम ने किया कोषागार में नवनिर्मित पेंशनर कक्ष का लोकार्पण

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** जनपद के सेवानिवृत्त कर्मचारियों और वृद्ध पेंशनरों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्ट्रेट कोषागार परिसर में नवनिर्मित आधुनिक पेंशनर कक्ष का भव्य लोकार्पण किया गया। शासन और कोषागार निदेशालय के निर्देशानुसार निर्मित इस विशेष कक्ष का उद्घाटन जनपद के प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह तथा जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर विभिन्न पेंशनर संगठनों के पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार वरिष्ठ नागरिकों और पेंशनरों के सम्मान व कल्याण के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। इस नए कक्ष के बन जाने से बुजुर्गों को बैठने, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी, जिससे उन्हें अनावश्यक दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि



ग्रामीण अभियंत्रण प्रभाग द्वारा लगभग 19.83 लाख रुपये की लागत से इस कक्ष का निर्माण कराया गया है, जबकि क्रिटिकल गैप्स योजना के तहत फर्नीचर और बैंक ऑफ बड़ौदा के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंड से वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। उद्घाटन के बाद मंत्रियों और अधिकारियों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

## शादी से पहले दूल्हे ने किया इनकार, वधू ने की आत्महत्या

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुजानपुर में शादी से ठीक तीन दिन पहले वर पक्ष द्वारा अचानक विवाह करने से मना कर देने से क्षुब्ध होकर एक 25 वर्षीय युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुजानपुर गांव निवासी स्व. किशन सिंह चैहान की पुत्री पूजा देवी का विवाह औरैया जनपद के निवासी रामसिंह के साथ तय हुआ था और 19 जून को बारात आनी थी। घर में विवाह की रस्में चल रही थीं और तेलपूजन वाले दिन वर पक्ष की ओर से फोन पर शादी से इनकार कर दिया गया। वर पक्ष के इस अप्रत्याशित फैसले से वधू पक्ष के पैरों तले जमीन खिसक गई। शादी टूटने के सदमे से अंदर से टूट चुकी पूजा ने बीती रात जब घर के सभी लोग सो रहे थे, तब कमरे के अंदर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जनसत्ता दल की समीक्षा बैठक आज, बनेगी चुनावी रणनीति

**फतेहपुर।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी द्वारा संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों को लेकर कल शाम 4 बजे स्थानीय डाक बंगला में एक संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। इसमें किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह चैहान और युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बलवीर सिंह (शिवाजी) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में पार्टी ढांचे को सशक्त बनाना, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और आगामी चुनावों के मद्देनजर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति तैयार करना है।



पार्टी के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह चैहान और युवा जिलाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्राजा भैयाश् के समर्थकों से समय पर पहुंचने की अपील की है। इस बैठक में किसान मोर्चा, युवा प्रकोष्ठ और मुख्य संगठन के कार्यकर्ता भारी संख्या में हिस्सा लेंगे। बैठक के दौरान संगठन की वर्तमान स्थिति का आकलन करने के साथ-साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी, जिससे कार्यकर्ताओं को नया मार्गदर्शन मिलेगा। साथ ही, बूथ स्तर पर संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान को तेज करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## सीएचसी हरदों में सीएमओ का औचक निरीक्षण

**–प्रशासनिक लापरवाही उजागर, अधीक्षक सहित कई का वेतन रोका**

**खागा (फतेहपुर)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदयभान सिंह द्वारा शुक्रवार सुबह 11 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदों का किया गया औचक निरीक्षण महज एक रूटीन जांच नहीं, बल्कि सरकारी स्वास्थ्य तंत्र की जड़ों में जमी प्रशासनिक शिथिलता का पर्दाफाश है। प्रथम संदर्भन इकाई जैसे महत्वपूर्ण केंद्र पर निरीक्षण के दौरान मिली भारी अराजकता, गंदगी और डॉक्टरों की अनुपस्थिति ने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के दावों की पोल खोलकर रख दी है। सीएमओ ने अधीक्षक सहित आधा दर्जन से अधिक कर्मचारियों का वेतन रोकते हुए जवाब तलब किया है।

इस प्रशासनिक लापरवाही की शुरुआत उपस्थिति रजिस्टर से ही हो गई, जहां स्वयं केंद्र के अधीक्षक डॉ. सरल सोनी सहित आरबीएसके टीम के दो डॉक्टर (डॉ. जफर व डॉ. पुष्पेंद्र), बीपीएम ऐश्वर्या और लंबे समय से नदारद डेंटल सर्जन डॉ. वीरेंद्र चैधरी गायब मिले। कर्मचारियों के पदों का ब्योरा रजिस्टर में दर्ज न होने पर सीएमओ का यह पूछना कि ष्क्या सबको बाहर से उठाकर लाया गया है? यह दर्शाता है कि केंद्र में न्यूनतम आधिकारिक अनुशासन का भी अभाव था। इस अनुशासनहीनता पर कार्रवाई करते हुए सभी अनुपस्थित अधिकारियों का वेतन तत्काल रोक दिया गया है।

निरीक्षण का दूसरा चिंताजनक पहलू अस्पताल के बुनियादी ढांचे और वित्तीय पारदर्शिता से जुड़ा है। एफआरयू केंद्र होने के बावजूद जच्चा-बच्चा मृत्यु दर जैसे महत्वपूर्ण आंकड़ों का डिस्प्ले बोर्ड गायब होना और स्टोर रूम में जरूरी सी-बैक फॉर्म का डंप मिलना यह साबित करता है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मानकों को ताक पर रखा जा रहा था। इसी लापरवाही को भांपते हुए सीएमओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए पिछले तीन वर्षों में डेंटिंग-पेंटिंग, शौचालय और पानी जैसी बुनियादी मदों में आए बजट का पूरा वित्तीय लेखा-जोखा तलब कर लिया है। अस्पताल की आंतरिक अव्यवस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि परिसर में मकड़ी के जाले और भारी गंदगी पसरी थी, जिसके लिए डेटा ऑपरेटर्स का वेतन रोका गया। वहीं एंटी-रेबीज जैसी जीवनरक्षक वैक्सीन का स्टॉक में कम मिलना और फार्मासिस्ट जगतपाल सिंह पर कार्रवाई होना सीधे तौर पर मरीजों की जान से खिलवाड़ को उजागर करता है। इसके अलावा, अकेले रात में ड्यूटी करने की सुरक्षा संबंधी जायज शिकायत करने पर अधीक्षक द्वारा स्टाफ नर्स अंशिका को प्रताड़ित और लांछित करना केंद्र के भीतर दमघोंटू और असुरक्षित कार्य संस्.ति को बयां करता है, जिस पर सीएमओ ने अधीक्षक को अलग से कटघरे में खड़ा किया।

## मंडी शुल्क और तकनीकी कमियों को लेकर मंडी सचिव को सौंपा ज्ञापन

फतेहपुर। .षि उत्पादन मंडी समिति खागा-किशनपुर से जुड़े विभिन्न व्यावसायिक मुद्दों को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल (मिश्र गुट) ने व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए आवाज बुलंद की है। संगठन के पदाधिकारियों ने मंडी सचिव सतीश चंद्र तिवारी के माध्यम से मंडी परिषद के महानिदेशक को एक ज्ञापन भेजा। जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में व्यापारियों ने मंडी समिति द्वारा दुकानों के किराए में प्रतिवर्ष की जाने वाली छह प्रतिशत की वृद्धि को तत्काल समाप्त करने और वर्ष 2010 के शासनादेश का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने की पुरजोर मांग की। व्यापारियों ने मंडी के ऑनलाइन पोर्टल की तकनीकी खामियों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया और कहा कि पोर्टल पर आवश्यक सूचनाएं व लेनदेन के अभिलेख समय पर अपडेट न होने से उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि तकनीकी विसंगतियों को दूर कर व्यापारियों के साथ बैठक नहीं की गई और इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया, तो संगठन व्यापारी हितों की रक्षा के लिए बड़े पैमाने पर आंदोलन की रणनीति तैयार करेगा।

## पट्टीशाह दोहरा हत्याकांड– 14 दोषियों को उम्रकैद और जुर्माना

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। हथगाम थाना क्षेत्र के पट्टीशाह गांव में करीब 18 वर्ष पुराने बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने अपना ऐतिहासिक फैसला सुना दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार की अदालत ने मामले की गंभीरता और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सभी 14 आरोपियों को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने सभी दोषियों पर 38-38 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। शस्त्र अधि. के तहत दोषी पाए जाने पर एक आरोपी साबिर पर 5 हजार रुपये का अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया गया है। इस मामले के दो अन्य आरोपियों की मुकदमे की सुनवाई के दौरान ही मौत हो चुकी है, जबकि एक अन्य आरोपी मुन्नू सिंह पहले से ही एक अन्य तिहरे हत्याकांड के मामले में जेल में बंद है। इन सभी आरोपियों पर पूर्व में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी दोष सिद्ध हो चुका है। यह खूनी संघर्ष 7 दिसंबर 2008 की शाम को बकरीद के मातमी जुलूस के दौरान भड़के आपसी विवाद के बाद हुआ था। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों के साथ अंधाधुंध गोलियां चली थीं। इस हमले में बहुजन समाज पार्टी के नेता मजहर हैदर नकवी उर्फ मज्जू मियां के पुत्र रियाज अतहर की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि उनके अंगरक्षक शमशाद ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। इस जानलेवा हमले में खुद बसपा नेता और दूसरे पक्ष से रईस भी गंभीर रूप से घायल हुए थे। अदालत में जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल दुबे ने अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभावी पैरवी की। अदालत द्वारा दोषी ठहराए गए लोगों में शरीफ, रईस, सफीक (तीनों पुत्र लतीफ), साबिर, सादिक, मुन्नू सिंह, वाजिद, अशोक, मोइन, संजय, निहाल, इसराइल, सगीर और रईस शामिल हैं। फैसला आने के बाद कचहरी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई और पुलिस ने सभी दोषियों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। इस दौरान मुकदमे के दौरान मृत चल रहे आरोपी बच्चन और सलाम के नामों की भी चर्चा परिसर में होती रही।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू (भूमिपुत्र) का प्रदर्शन

फतेहपुर। किसानों की ज्वलंत समस्याओं और ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत असुविधाओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भूमिपुत्र) के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष पवन कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर बिजली, खाद, सड़क और सिंचाई जैसी समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग उठाई। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों के हितों से जुड़ी इन मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन में मुख्य रूप से धान की बुआई के सीजन को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में दिन-रात निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और समय पर खाद की उपलब्धता कराने की मांग की गई है। इसके अलावा चैडगरा स्थित दुग्ध प्रशीतन केंद्र को पुनः संचालित करने, बहरामपुर-सातों-नरैनी मार्ग की जर्जर हालत को सुधारने के लिए तत्काल सड़क निर्माण कराने और औरैई गांव में जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की निष्पक्ष जांच कराने की मांग शामिल है। धाता विकासखंड के जहांगीर नगर गांव के पास संकरी नहर पुलिया के चैड़ीकरण और स्थानीय पशु चिकित्सालय में पेयजल की व्यवस्था कराने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया।

**शासकीय आदेश निष्प्रभावी**

## स्वयंसेवी संस्थाओं को गौशालाओं का हस्तांतरण अटका, ग्राम प्रधानों पर लाखों की अवैध मांग का आरोप

- **सीवीओ के निर्देश के एक मास बाद भी स्थानीय स्तर पर गतिरोध**
- **पांच से आठ लाख की अवैध उगाही के खेल में उलझी शासन की महत्वाकांक्षी योजना**

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** शासन के कड़े निर्देशों तथा जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं के अनुक्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय, फतेहपुर द्वारा निराश्रित गोवंश के सु.ढ़ रख-रखाव और सुचारू प्रबंधन के लिए एक बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया गया था। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वेद व्रत गंगवार द्वारा विगत 23 मई को जारी पत्रांक संख्या 167/गौशाला/एनजीओ/2026-27 के अंतर्गत जनपद के कुल 14 गौ-आश्रय स्थलों (जिसमें 1 वृहद गौ-संरक्षण केंद्र और 13 अस्थायी आश्रय स्थल सम्मिलित हैं) के संचालन और देख-रेख का संपूर्ण उत्तरदायित्व पंजी.त स्वयंसेवी संस्थाओं को सौंपने की स्वी.ति दी गई थी। किंतु प्रशासनिक तंत्र की शिथिलता और स्थानीय स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण यह जनकल्याणकारी योजना धरातल पर क्रियान्वित होने से पूर्व ही दम तोड़ती दिखाई दे रही है।

शासकीय नियमावली और निर्धारित प्रतिबंधों के अनुसार, चयनित की गई 07 स्वयंसेवी संस्थाओं को 100 रुपये के स्टांप पेपर पर न्यूनतम 3 वर्षों के लिए अनुबंध पत्र निष्पादित करना था, जिसके उपरांत मात्र तीन दिवस के भीतर संबंधित गौ-आश्रय स्थल का संपूर्ण कार्यभार ग्रहण करना अनिवार्य था। वित्तीय एवं प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा संस्थाओं को संपत्ति तथा सामग्री सौंपते समय एक औपचारिक इन्वेंट्री प्रमाणपत्र (सामग्री सूची पत्र) तैयार करने का निर्देश दिया गया था। इसके अतिरिक्त, गोवंश के भरण-पोषण (भूसा, दाना और साइलेज) हेतु संबंधित खातों में एक मास की अग्रिम धनराशि हस्तांतरित की जानी सुनिश्चित हुई थी।

परंतु, विडंबना यह है कि इस अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनात्मक शासकीय आदेश को जारी हुए लगभग एक मास का लंबा समय व्यतीत हो चुका है, फिर भी जमीनी स्तर पर स्थिति पूर्णतः यथावत बनी हुई है। जिले के अधिकांश गौ-आश्रय स्थलों का भौतिक प्रभार और चाबियां संबंधित ग्राम प्रधानों द्वारा अत्यंत संदिग्ध परिस्थितियों में चयनित संस्थाओं को हस्तांतरित नहीं की जा रही हैं। शासकीय स्तर पर समस्त कागजी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद भी धरातल पर हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी तरह अवरुद्ध पड़ी है।

इस संपूर्ण गतिरोध के पीछे ग्रामीण क्षेत्रों और विभागीय सूत्रों से छनकर आ रहा एक बड़ा खेल उजागर हुआ है, जिसके अनुसार कई ग्राम प्रधान इन गौ-आश्रय स्थलों का प्रभार सौंपने के प्रतिफल में स्वयंसेवी संस्थाओं से मोटी धनराशि की खुली मांग कर रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में कहीं विकास कार्यों के पुराने बकाए तो कहीं चारा डम्प आदि का बहाना बनाकर पांच लाख रुपये, तो कहीं छह, सात और आठ लाख रुपये तक की अवैध धनराशि की मांग की जा रही है। जो स्वयंसेवी संस्थाएं ग्राम प्रधानों की इस अनुचित और अनैतिक मांग को स्वीकार करने अथवा इतनी बड़ी धनराशि देने में असमर्थ हैं, उनके सुपुर्दगी की प्रक्रिया को जानबूझकर बाधित किया जा रहा है और प्रतिदिन नए बहाने बनाए जा रहे हैं।

आधिकारिक पत्र के अनुसार, आवंटित किए गए 14 गौ-आश्रय स्थलों में राज सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी को विजयीपुर ब्लॉक के मण्डौली और असोथर के सरकण्डी गौ-आश्रय स्थल की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं अखिल भारतीय लोक कल्याण संस्थान को असोथर के राम नगर कौहन एवं तेलियानी के सलेमाबाद, प्रयास सामाजिक समिति को हसवा के रामपुर थरियाँव व फरीदपुर तथा मधू फाउंडेशन को हथगाँव के नहवईया व मलवा के रावतपुर स्थल का प्रभार सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त स्नेह गौशाला सेवा समिति को असोथर के देवलान, विश्व जागृति संस्थान को मलवां के बनियनखेड़ा व शिवराजपुर और बहुआ के शाखां (वृहद गौ-संरक्षण केंद्र) का जिम्मा मिला है, जबकि प्रथम सृजन समिति को तेलियानी के मंसूर मोधनपुर और देवमई के कौड़िया गौ-आश्रय स्थल का आवंटन हुआ है। इस पूरे प्रकरण में सबसे विचारणीय और चिंताजनक पहलू जनपद स्तर के उत्तरदायी अधिकारियों की रहस्यमयी मूकदर्शिता है। एक ओर जहां मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वेद व्रत ने अपने मूल आदेश में संस्थाओं को सचेत किया था कि गोवंश के भरण-पोषण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही पाए जाने पर दोषी संस्था के विरुद्ध कठोर दंडात्मक और विधिक कार्रवाई की जाएगी, वहीं दूसरी ओर जब स्थानीय भ्रष्टतंत्र के कारण संस्थाओं को कार्य प्रारंभ करने का अवसर ही नहीं दिया जा रहा है, तब जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं। अधिकारियों की इस उदासीनता के कारण अवैध मांग करने वाले तत्वों के हौसले बुलंद हैं, जबकि इस भीषण ग्रीष्म ऋतु में निराश्रित गोवंश की दशा अत्यंत दयनीय होती जा रही है। अब संपूर्ण जनपद की .ष्टि इस बात पर टिकी है कि जिला प्रशासन इस खुले भ्रष्टाचार और शासनादेश की अवहेलना करने वालों पर क्या दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करता है।

**खबर एक नज़र**

## ओवरब्रिज हादसे में गर्भवती महिला की मौत के बाद भाजपा नेताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

- की वन-वे और आर्थिक सहायता की मांग

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। देवीगंज ओवरब्रिज के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक गर्भवती महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना को लेकर क्षेत्र के लोगों और स्थानीय नेताओं में गहरा आक्रोश है। मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वाले मुख्य नेताओं में राजा सिंह कछवाह (पूर्व जिला प्रवक्ता), शिव बालक निषाद (पूर्व सह-विधानसभा प्रभारी) और पंकज मिश्रा (पूर्व जिला महामंत्री किसान मोर्चा) शामिल हैं। इन नेताओं ने इस पत्र के माध्यम से भविष्य में ऐसी दर्दनाक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन से ठोस और त्वरित कदम उठाने की मांग की है।

जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि विगत दिवस को देवीगंज ओवरब्रिज के पास एक गर्भवती महिला दवाई लेने के लिए सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान तेज रतार से आ रही एक रोडवेज बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि उस महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक प्रबंधन को लेकर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

भाजपा नेताओं ने दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी के समक्ष छह सूत्रीय मांगें रखी हैं। उन्होंने मांग की है कि ओवरब्रिज से लेकर राधानगर थाना तक की सड़क को तत्काल वन-वेघोषित किया जाए और दुर्घटना वाले संवेदनशील स्थान पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया जाए। इसके अलावा, उन्होंने वर्तमान में आरटीओ स्टाफ और पुलिस द्वारा उसी स्थान पर की जाने वाली चेकिंग का विरोध करते हुए कहा कि जांच के डर से वाहन चालक हड़बड़ाहट में इधर-उधर भागते हैं, जिससे हादसे का खतरा बढ़ता है। नेताओं ने इस चेकिंग पॉइंट को गाजीपुर बस स्टॉप के पास स्थानांतरित करने का सुझाव दिया है।

इसके साथ ही, पत्र में मृतका के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासन से पीड़ित परिजनों को तत्काल सरकारी आर्थिक सहायता और दुर्घटना बीमा का लाभ दिलाने का पुरजोर अनुरोध किया गया है। इसके अतिरिक्त, यातायात को सुगम बनाने के लिए पूर्व जिलाधिकारी श्रीमती सी. इन्दुमती के कार्यकाल के दौरान ओवरब्रिज के नीचे स्थापित कराई गई सब्जी मंडी को पुनः वहीं शुरू कराने और क्षेत्र में टैम्पो व ई-रिक्शा स्टैंड का स्थान निश्चित करने की भी मांग की गई है, ताकि मुख्य मार्ग से भीड़भाड़ कम हो सके और ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह सुव्यवस्थित हो सके। नेताओं ने उम्मीद जताई है कि जिलाधिकारी जनहित में इन बिंदुओं पर गंभीरता से ध्यान देते हुए जल्द ही उचित निर्देश जारी करेंगे।

## राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने वृद्धाश्रम में बांटे फल

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन जनपद भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा, सम्मान और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया गया। खागा और बिंदकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में कांग्रेसियों ने केक काटकर अपने नेता के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर मवैया स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर नेताओं ने बुजुर्गों के बीच फल वितरित किए, उनके साथ समय बिताया और उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सम्मान व्यक्त किया। खागा में जिला उपाध्यक्ष कलीम उल्लाह सिद्दीकी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए, वहीं मवैया में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश द्विवेदी और शहर अध्यक्ष आरिफ गुडड़ा की अगुवाई में सेवा कार्य किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि राजनीति केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के प्रति संवेदनशीलता का नाम है। बिंदकी में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी हेमलता पटेल और पूर्व प्रत्याशी शिवकांत तिवारी के नेतृत्व में भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए शरबत वितरण शिविर भी लगाया गया।

## एसपी सख्त, कल्याणपुर थाने का औचक निरीक्षण

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद में कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने और आमजन की शिकायतों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कल्यानपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण से थाना परिसर में हड़कंप मच गया और पूरे समय पुलिसकर्मी सक्रिय नजर आए। एसपी ने थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना, बंदी गृह, बैरक, पुलिस आवास और भोजनालय का बारीकी से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अभिलेखों को अपडेट रखने और परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद थाना परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याओं को बेहद गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और जांचकर्ताओं को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। एसपी ने स्पष्ट किया कि जनता को बेहतर पुलिसिंग उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी शिकायत को हल्के में न लेकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को सचेत करते हुए पूरी निष्ठा से दायित्वों के निर्वहन की हिदायत दी।

## इफको सेवा केंद्र में संविदा कर्मचारी पर तानाशाही और अवैध वसूली का आरोप

बिंदकी (फतेहपुर)। नगर के कुंवरपुर रोड स्थित मंडी समिति परिसर में बने इफको सेवा केंद्र में पिछले 15 वर्षों से तैनात एक संविदा कर्मचारी लाल बहादुर पटेल पर किसानों के शोषण और तानाशाही का गंभीर आरोप लगा है। आरोप है कि केंद्र चालू होने के बाद से वह किसानों को प्रति बोरी यूरिया 266.50 रुपये के बजाय 270 रुपये में देकर अवैध वसूली कर रहा है, और फुटकर पैसे न होने का बहाना बनाकर प्रतिदिन हजारों रुपये का चूना लगा रहा है। इसके अलावा, दो बोरी यूरिया लेने पर किसानों को जबरन नैनो यूरिया की बोतल थमाई जा रही है। किसानों की फार्मर आईडी उनके पहचान पत्रों से लिंक होने के बावजूद कर्मचारी फिंगरप्रिंट लेने के बजाय जबरन खतौनी और अन्य दस्तावेजों की फोटोकॉपी मांगकर उन्हें परेशान कर रहा है। इस संबंध में .षि रक्षा इकाई के अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पहचान संख्या डालते ही किसान की पूरी डिटेल खुल जाती है, ऐसे में अतिरिक्त कागजात की आवश्यकता नहीं है। किसानों का आरोप है कि उक्त कर्मचारी खुद को विधायक का रिश्तेदार बताकर अपनी मनमानी कर रहा है और नए केंद्र प्रभारी को भी अपने प्रभाव में ले रखा है।

## शादी से दो दिन पहले घरेलू विवाद में युवती ने खाया जहर

बिंदकी (फतेहपुर)। कस्बे के मोहल्ला मीरखपुर में एक बेहद दुखद घटना सामने आई है, जहां घरेलू विवाद के चलते भाई से हुए झगड़े के बाद 20 वर्षीय युवती सोनम उर्फ लक्ष्मी ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका की शादी आगामी 21 जून को जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मांझेपुरवा उमरिहा बाजार निवासी मुकेश से होनी थी। घर में बारात के स्वागत और शादी की खुशियों का माहौल था, जो इस घटना के बाद पूरी तरह मातम में बदल गया है।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, गुरुवार की देर शाम जहरीला पदार्थ खाने के बाद सोनम को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी ले जाया गया था। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज फतेहपुर और फिर हैलट अस्पताल कानपुर रेफर किया गया। शुक्रवार की सुबह हालत में कुछ सुधार होने पर परिजन उसे घर ला रहे थे, तभी रास्ते में उसकी तबीयत दोबारा बिगड़ी और उसने दम तोड़ दिया। जिस घर से दो दिन बाद बेटी की विदाई होनी थी, वहां से उसकी अर्थी उठने की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## अकेलेपन की ओर

आधुनिक सोच और नजरिये से जिंदगी जीने के तौर-तरीकों में काफी बदलाव आ रहा है। लोग उन सब परंपराओं से हट कर जीवन गुजारना चाहते हैं जो सदियों से चलन में रही हैं। समाज का एक बड़ा हिस्सा ऐसो आराम की जिंदगी चाहता है जिसमें जिम्मेदारियां और परेशानियां कम से कम हों। जाहिर है कि इसके लिए ऊंचा ओहदा, लंबा-चौड़ा कारोबार और उसके हिसाब से बेहिसाब पैसा आना जरूरी है। यह सोच नई पीढ़ी के ऊपर सबसे ज्यादा असर डाल रही है। वे अब लीक से हटकर जिंदगी गुजारना चाहते हैं। ब्रिटेन में हुए एक सर्वे में करीब आधे किशोरों ने अपने लिए शादी को जरूरी नहीं माना है। भारत में भी इसी ढंग की सोच बढ़ रही है। नई उम्र के बच्चों के लिए विवाह नहीं बल्कि कॅरियर बड़ी प्राथमिकता बनता जा रहा है। जिंदगी के किसी भी क्षेत्र में हों, उन्हें चमकदार कॅरियर और बेहतरीन सुख-सुविधाएं चाहिए। शादी तो उनकी प्राथमिकता में ही नहीं, इसको वे एक विकल्प के रूप में किनारे रखते हैं। हैरत की बात ये कि ऐसी सोच रखने वालों में युवतियों की संख्या युवाओं के मुकाबले करीब दोगुनी है। सर्वे के मुताबिक युवतियां अब ऐसे संबंध चाहती हैं जिनमें समझौता कम और समानता-बराबरी ज्यादा हो। इसलिए उन्हें सिंगल लाइफ ज्यादा पसंद है। अनुमान है कि इस समय देश में सिंगल महिलाओं की संख्या दस करोड़ के आसपास हो सकती है। अब फास्ट लाइफ और चकाचौंध के जीवन का अपना आकर्षण तो है ही और युवा वर्ग तो तेजी के साथ इसकी ओर खिंचता है। आमतौर पर माना जाता है कि ऐसे आकर्षण युवावस्था तक ही टिकते हैं जिसके बाद दिलो दिमाग दूसरी चीजों की तरफ चला जाता है। लेकिन अब साफ है कि युवाओं ने सिंगल रहते हुए जीवन को मौज मस्ती में बिताना तय कर लिया है। भारत और ब्रिटेन ही नहीं बल्कि चीन और कोरिया जैसे देशों में भी युवाओं की यही सोच बन गई है। सवाल यह है कि अगर युवा इसी सोच में ढलते जाएंगे तो परिवार नाम की उस संस्था का क्या होगा जिसके दम पर यह सृष्टि आगे बढ़ती है। हो सकता है कि यह दृष्टिकोण कुछ समय के लिए और चले लेकिन उसके बाद आने वाली पीढ़ी अकेलेपन की जिंदगी का एहसास करके स्वाभाविक ढंग से जीने की ओर लौटे लेकिन समाज में भी विवाह और परिवार के महत्व के प्रति उचटती सोच को सही राह पर लाने के प्रयास होने चाहिए। यह काम इस समय आगे चलने वाली पीढ़ी को और आसान बनाना होगा और अपने बच्चों की मानसिकता को इस सांचे में ढालना होगा कि वे परिवार की परंपराओं से हटने के बारे में सोचें भी नहीं।

## गोमती का भविष्य

करीब साढ़े नौ सौ किलोमीटर के अपने विस्तृत क्षेत्र में लाखों लोगों को जीवन देने वाली गोमती नदी इस समय अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष के दौर से गुजर रही है। महिमा तो आदि मां की है लेकिन हकीकत में यह नाले के रूप में सिकुड़ चुकी है। इस दुर्दशा का पूरा एक सिलसिला है। अध्ययन के अनुसार इस नदी और इसके जलग्रहण क्षेत्र में करीब एक सौ बीस स्थानों पर अतिक्रमण हो चुका है। इसके अलावा सिकुड़ते जलग्रहण क्षेत्र और लगातार खत्म हो रहे वेटलैण्ड्स भी प्रमुख कारण हैं। अतिक्रमण के मामले में सबसे गंभीर स्थिति लखनऊ में है जहां अलग-अलग इकतालीस रुकावटें मिली हैं। दूसरी तरफ गोमती नदी का बाढ़ क्षेत्र भी अवैध कब्जों की भेंट चढ़ चुका है। लखनऊ की पॉश कॉलोनी कही जाने वाली गोमतीनगर का बड़ा हिस्सा नदी के पुराने बाढ़ क्षेत्र में ही बसा हुआ है। इसलिए नदी का प्राकृतिक विस्तार लगातार सिकुड़ा है। कई जगहों पर नदी की चौड़ाई और प्रवाह क्षेत्र सौ मीटर तक कम हो चुका है। एक विकट तथ्य यह भी है कि गोमती की कुल छब्बीस सहायक नदियों में बाईस पूरी तरह से सूख चुकी हैं जबकि बाकी में बहुत थोड़ा बहाव बचा है। विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि लखनऊ में समस्या केवल अवैध कब्जों तक सीमित नहीं है बल्कि विभिन्न विकास कार्यों तथा सुंदरीकरण परियोजनाओं ने भी नदी के बाढ़ क्षेत्र पर भयानक दबाव डाला है। इसी तरह वेटलैंण्ड्स की आवश्यकता अनदेखी की शिकार है तो नदी के एक किलोमीटर के दायरे में आने वाले तालाबों संरक्षण पर भी ध्यान नहीं दिया गया जबकि ये तालाब वर्षा जल संचयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक तथ्य यह भी है कि लखनऊ में नदी के कुल प्रवाह का छिहत्तर प्रतिशत हिस्सा भूजल से प्राप्त होता है। लेकिन लगातार दोहन के कारण भूजल स्तर अब काफी नीचे चला गया है जिससे नदी को मिलने वाला प्राकृतिक जल प्रवाह प्रभावित हुआ है। विडंबना यह है कि ऐसी गंभीर स्थितियों के बीच गोमती के संरक्षण और पुनरुद्धार के नाम पर पिछले दस सालों के दौरान दो हजार करोड़ रुपए से अधिक का खर्च दिखाया जा चुका है जबकि हालात बदतर ही हुए हैं।

## काँव-काँव

♦♦♦

**प्राकृतिक खेती ही विकसित भारत की नींव-योगी**
लखनऊ के खेतों में फर्जी डिग्री कॉलेज उगे हैं!
**झारखंड में क्रास वोटिंग, कांग्रेस उम्मीदवार हारे**
अब इसके लिये चुनाव आयोग तो दोषी नहीं है!
**अनदेखे गणितीय प्रश्न नहीं सुलझा पाया एआई**
मतलब गणित अध्यापकों की नौकरी ही बचेगी!
**शिक्षा रोजगार के मुद्दे पर नया कांग्रेसी अभियान**
मानसून आ गया, शिक्षित युवा कांवड़ उठायेंगे!
**उद्धव गुट के छह सांसदों ने शिंदे को माना नेता**
बेपेंदी के लोटे थाली से कहीं भी गिर सकते हैं!
**पश्चिम एशिया संघर्ष खत्म,समझौते पर हस्ताक्षर**
बच्चा,बीति ताहि बिसारि दे,आगे की सुधि लेहु..

♦♦♦

# क्या अमेरिका और ईरान ने वास्तव में शांति चुन ली है?



- महेन्द्र तिवारी

अमेरिका और ईरान के बीच वर्षों से चला आ रहा टकराव केवल दो देशों का विवाद नहीं रहा है, बल्कि यह वैश्विक राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा, परमाणु प्रसार, समुद्री व्यापार और मध्य पूर्व की स्थिरता से जुड़ा एक ऐसा प्रश्न बन चुका है जिसने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच तनाव जिस स्तर तक पहुंच गया था, उसे देखते हुए बहुत कम लोगों को उम्मीद थी कि अचानक कोई ऐसा समझौता सामने आएगा जो युद्धविराम का रास्ता खोल सके। लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर किए जाने के बाद एक अंतरिम समझौता लागू हो चुका है, जिसने कम से कम फिलहाल सैन्य संघर्ष को रोक दिया है और आगे की बातचीत के लिए 60 दिनों का समय प्रदान किया है। यह समझौता केवल युद्ध रोकने का दस्तावेज नहीं है। इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने, परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता शुरू करने, आर्थिक प्रतिबंधों में संभावित राहत और क्षेत्रीय तनाव कम करने जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। यही कारण है कि इस समझौते को कुछ लोग ऐतिहासिक सफलता बता रहे हैं, जबकि कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल एक अस्थायी विराम है और वास्तविक परीक्षा अभी बाकी है। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि होर्मुज जलडमरूमध्य इतना महत्वपूर्ण क्यों है। यह दुनिया के सबसे रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक माना जाता है। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। युद्ध के दौरान इस मार्ग पर संकट पैदा होने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई थी और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं उत्पन्न हो गई थीं। समझौते के तहत इस जलमार्ग को फिर से खोलने पर सहमति बनी है और कम से कम 60 दिनों तक जहाजों को बिना शुल्क गुजरने की अनुमति देने की बात कही गई है।

हालांकि समझौते का सबसे विवादास्पद पहलू वही है जिस पर अब दुनिया की नजर टिकी हुई है। ईरान के वरिष्ठ नेता मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने स्पष्ट संकेत दिया है कि 60 दिनों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाया जा सकता है। उनका तर्क है कि ईरान इस क्षेत्र पर अपनी संप्रभुता का अधिकार रखता है और सुरक्षा तथा अन्य सेवाओं के बदले शुल्क लेना उसका अधिकार है। दूसरी ओर अमेरिका और कई पश्चिमी देश इस विचार से सहमत नहीं दिखते। यदि भविष्य में इस मुद्दे पर सहमति नहीं बनती, तो यह नया विवाद पैदा कर सकता है।

अब प्रश्न यह है कि इस समझौते में वास्तव में किसे झुकना पड़ा। यदि ईरानी दृष्टिकोण से देखा जाए तो तेहरान यह दावा कर सकता है कि उसने अपनी प्रमुख मांगों में से कई को सुरक्षित रखा है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम तत्काल समाप्त नहीं किया गया है। उसका संवर्धित यूरेनियम पूरी तरह नष्ट करने की शर्त भी स्वीकार नहीं की गई। इसके बजाय अंतरराष्ट्रीय निगरानी में आगे की प्रक्रिया तय करने पर सहमति बनी है। इसका अर्थ यह है कि ईरान ने अपनी मूल रणनीतिक क्षमता को पूरी तरह छोड़ा नहीं है। इसके अतिरिक्त, ईरान को आर्थिक राहत मिलने की संभावना भी दिखाई दे रही है। तेल निर्यात पर कुछ प्रतिबंधों में ढील, जमी हुई संपत्तियों तक संभावित पहुंच और आर्थिक पुनर्निर्माण से जुड़ी चर्चाओं को ईरान अपनी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर सकता है। युद्ध और प्रतिबंधों के लंबे दौर के बाद यह तेहरान के लिए महत्वपूर्ण राहत मानी जाएगी। लेकिन यदि अमेरिकी दृष्टिकोण से देखा जाए तो वाशिंगटन भी इस समझौते को अपनी जीत के रूप में पेश कर सकता है। अमेरिका का कहना है कि कठोर प्रतिबंधों, नौसैनिक दबाव और सैन्य कार्रवाई ने ईरान को बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर किया। समझौते में ईरान द्वारा परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है तथा अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी को स्वीकार करने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। अमेरिका के लिए यह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि मानी जा सकती है।

वास्तव में यदि निष्पक्ष दृष्टि से देखा जाए तो यह किसी एक पक्ष की पूर्ण जीत नहीं है। आधुनिक कूटनीति में अक्सर ऐसा होता है कि दोनों पक्ष कुछ प्राप्त करते हैं और कुछ छोड़ते हैं। यही इस समझौते में भी दिखाई देता है। अमेरिका को परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत और समुद्री मार्ग की बहाली मिली है, जबकि ईरान को युद्धविराम, संभावित आर्थिक राहत और अपनी कुछ रणनीतिक स्थितियों को बनाए रखने का अवसर मिला है।


इस समझौते का एक और महत्वपूर्ण पहलू 60 दिनों की वार्ता अवधि है। यही वह समय होगा जिसमें यह तय होगा कि अंतिम समझौता स्थायी शांति की दिशा में आगे बढ़ता है या नहीं। यदि दोनों पक्ष परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और समुद्री मार्गों के उपयोग जैसे मुद्दों पर ठोस सहमति बना लेते हैं, तो यह मध्य पूर्व के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। लेकिन यदि वार्ता विफल होती है, तो संघर्ष दोबारा शुरू होने की आशंका भी बनी रहेगी। दुनिया के कई देशों के लिए यह समझौता राहत की खबर है। ऊर्जा आयात करने वाले देशों को उम्मीद है कि तेल और गैस की आपूर्ति अधिक स्थिर होगी। अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक कंपनियां भी समुद्री मार्गों के सामान्य होने की प्रतीक्षा कर रही हैं। युद्ध के दौरान वैश्विक बाजारों में जो अनिश्चितता दिखाई दी थी, उसमें कुछ कमी आने की संभावना है। हालांकि चुनौतियां अभी भी कम नहीं हैं। समझौते में कई महत्वपूर्ण विषयों को भविष्य की बातचीत के लिए छोड़ दिया गया है। मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय सहयोगी समूहों की भूमिका, मानवाधिकार से जुड़े प्रश्न और दीर्घकालिक सुरक्षा व्यवस्था जैसे विषय अभी पूरी तरह हल नहीं हुए हैं। यही कारण है कि कई विशेषज्ञ इस समझौते को अंतिम समाधान के बजाय एक प्रारंभिक ढांचा मान रहे हैं।

इतिहास गवाह है कि अमेरिका और ईरान के संबंध लंबे समय से अविश्वास से भरे रहे हैं। अनेक बार बातचीत शुरू हुई, कई बार उम्मीदें जगीं, लेकिन अंततः विवाद फिर सामने आ गए। इस पृष्ठभूमि में वर्तमान समझौता निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, परंतु इसकी सफलता का आकलन केवल हस्ताक्षरों से नहीं किया जा सकता। असली सफलता तब मानी जाएगी जब आने वाले महीनों में दोनों देश अपने वादों का पालन करें और एक व्यापक तथा स्थायी समझौते तक पहुंचें। निष्कर्ष यही है कि न तो अमेरिका पूरी तरह विजेता बनकर उभरा है और न ही ईरान पूरी तरह पराजित हुआ है। दोनों देशों ने अपनी-अपनी सीमाओं और आवश्यकताओं को समझते हुए एक व्यावहारिक रास्ता चुना है। युद्ध ने दोनों को नुकसान पहुंचाया था और शांति की दिशा में बढ़ना दोनों की आवश्यकता बन गया था। इसलिए इस समझौते को किसी एक की जीत और दूसरे की हार के रूप में देखने के बजाय इसे एक ऐसे राजनीतिक समझौते के रूप में देखना अधिक उचित होगा जिसमें दोनों पक्षों ने अपने-अपने हितों की रक्षा करते हुए टकराव को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है। आने वाले 60 दिन यह तय करेंगे कि यह समझौता इतिहास में स्थायी शांति के पहले कदम के रूप में दर्ज होगा या केवल युद्ध के बीच आया एक अस्थायी विराम साबित होगा।





## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ द्वादशोऽध्याय:

(गतांक से आगे

ध्यान से भी सम्पूर्ण कर्मों के फल का त्याग श्रेष्ठ है; क्योंकि इष्ट के प्रति समर्पण के साथ ही योग पर दृष्टि रखते हुए कर्मफल का त्याग करने से उसके योगक्षेम की जिम्मेदारी इष्ट की हो जाती है। इसलिये इस त्याग से वह तत्काल ही परमशान्ति को प्राप्त हो जाता है। अभी तक योगेश्वर श्रीकृष्ण ने बताया कि अव्यक्त की उपासना करनेवाले ज्ञानमार्गी से समर्पण के साथ कर्म करनेवाला निष्काम कर्मयोगी श्रेष्ठ है। दोनों एक ही कर्म करते हैं; किन्तु ज्ञानमार्गी के पथ में व्यवधान अधिक हैं। उसके लाभ-हानि की जिम्मेदारी स्वयं पर रहती है, जबकि समर्पित भक्त की जिम्मेदारी महापुरुष पर होती है, इसलिये वह कर्मफल-त्याग द्वारा शीघ्र ही शान्ति को प्राप्त होता है। अब शान्तिप्राप्त पुरुष के लक्षण बताते हैं- विहीर अद्वेष्टा सर्वभूतानां मैत्रः करुण एव च। निर्ममो निरहङ्कारः समदुःखसुखः क्षमी ।।13

इस प्रकार शान्ति को प्राप्त हुआ जो पुरुष सब भूतों में द्वेषभाव से रहित, सबका प्रेमी और हेतरहित दयालु है और जो ममता से रहित, अहंकार से रहित, सुख-दुःख की प्राप्ति में सम तथा क्षमावान् है, सन्तुष्टः सततं योगी यतात्मा दृढ़निश्चयः।जिनम कामय्यर्पितमनोबुद्धिर्यो मद्भक्तः स मे प्रियः ।।14।।

कोणक जो निरन्तर योग की पराकाष्ठा से संयुक्त है, लाभ तथा हानि में सन्तुष्ट है, मन तथा इन्द्रियोंसहित शरीर को वश में किये हुए है, दृढ़ निश्चयवाला है, वह मुझमें अर्पित मन-बुद्धिवाला मेरा भक्त मुझे प्रिय है।

यस्मान्नोद्विजते लोको लोकान्नोद्विजते च यः। एमा हर्षामर्षभयोद्वेगैर्मुक्तो यः सच मे प्रियः ।।15।।

जिससे कोई भी जीव उद्वेग को प्राप्त नहीं होता और जो स्वयं भी किसी जीव से उद्विग्न नहीं होता एवं हर्ष, सन्ताप, भय और समस्त विक्षोभों से मुक्त है, वह भक्त मुझे प्रिय है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**नाहारं चिन्तयेत्प्राज्ञो धर्ममेकं हि चिन्तयेत्‌द्ध।**
**आहारो हि मनुष्याणां जन्मना सह जायते।।**

विद्वान् व्यक्ति को अपने आहार की चिंता न करते हुए केवल धर्म के अनुष्ठान में प्रवृत्त होना चाहिए, क्योंकि आहार तो व्यक्ति के जन्म के साथ ही उत्पन्न हो जाता है।

♦♦♦

# सोशल मीडिया की प्रभावी निगरानी जरूरी होती जा रही है

- राहुल कुमार

डिजिटल युग में सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है. यह सूचना, शिक्षा, जनमत निर्माण और सामाजिक संवाद का एक प्रभावशाली मंच बन चुका है. इन प्लेटफॉर्मों में इंस्टाग्राम रील्स ने युवाओं के बीच विशेष लोकप्रियता हासिल की है. इंस्टाग्राम की लोकप्रियता का मुख्य कारण इसकी संक्षिप्त, आकर्षक और दृश्यात्मक प्रस्तुति है. अभिनय, नृत्य, गायन, मिमिक्री, कॉमेडी और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से लाखों युवा प्रतिदिन रील्स का निर्माण और उपभोग करते हैं. संचार अध्ययन में इसे 'उपयोग एवं संतुष्टि सिद्धांत' के संदर्भ में समझा जाता है, जिसके अनुसार लोग अपनी आवश्यकताओं और रुचियों के अनुरूप मीडिया का उपयोग करते हैं। समय के साथ इंस्टाग्राम युवाओं के लिए सूचना प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत बनकर उभरा है. आज की युवा पीढ़ी त्वरित और संक्षिप्त जानकारी चाहती है. रील्स इसी आवश्यकता को पूरा करते हैं. किसी भी घटना, योजना या मुद्दे से जुड़े 'क्या, कब, कहां, क्यों, कौन और कैसे' जैसे मूलभूत प्रश्नों के उत्तर कुछ ही सेकंड में उपलब्ध हो जाते हैं. सरकारी योजनाओं, कल्याणकारी कार्यक्रमों, रोजगार अवसरों, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्यमिता से जुड़ी जानकारियां अब रील्स के माध्यम से व्यापक रूप से प्रसारित की जा रही हैं. कई बार योजनाओं से जुड़े अधिकारी, जनप्रतिनिधि अथवा विशेषज्ञ स्वयं वीडियो के माध्यम से योजनाओं की जानकारी देते हैं।

दृश्य सामग्री, एनिमेशन और सरल भाषा के कारण जटिल विषय भी आसानी से समझ में आ जाते हैं. परिणामस्वरूप छात्रवृत्तियों, कौशल विकास कार्यक्रमों, स्टार्टअप, सहायता योजनाओं तथा रोजगार संबंधी अवसरों की जानकारी युवाओं तक सीधे पहुंच रही है. राजनीतिक संचार के क्षेत्र में भी इंस्टाग्राम रील्स की भूमिका लगातार बढ़ रही है. राजनीतिक दल, नेता और सामाजिक कार्यकर्ता नीतियों की व्याख्या, उपलब्धियों के प्रचार, आलोचनाओं के उत्तर और मतदाताओं से संवाद के लिए इस मंच का उपयोग कर रहे हैं. अनेक युवाओं के लिए सोशल मीडिया ही राजनीतिक जानकारी का पहला स्त्रोत बन गया है. इस प्रकार रील्स राजनीतिक जागरूकता, जनमत निर्माण और नागरिक सहभागिता को प्रभावित कर रहे हैं।

इंस्टाग्राम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का भी एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है. संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, बैंकिंग, एसएससी तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित हजारों शैक्षणिक रील्स प्रतिदिन साझा की जाती हैं।

कई प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान और शिक्षक इंस्टाग्राम के माध्यम से परीक्षा रणनीति, समसामयिक घटनाओं, अध्ययन सामग्री और प्रेरक मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहे हैं. इससे दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थी भी गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री तक पहुंच बना पा रहे हैं. संक्षिप्त वीडियो के माध्यम से जटिल विषयों को सरल बनाना और कम समय में उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराना इंस्टाग्राम रील्स की विशेषता है. इन रील्स का उपयोग केवल युवा वर्ग तक सीमित नहीं है. बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक भी तकनीक, स्वास्थ्य, वित्तीय साक्षरता, सरकारी सेवाओं और सामाजिक विषयों से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं. इस प्रकार रील्स विभिन्न आयु वर्गों के बीच आजीवन शिक्षा की अवधारणा को मजबूत कर रहे हैं।



विदित है कि फिल्मों के दृश्य, वेब सीरीज के अंश, संगीत वीडियो, हास्य प्रस्तुतियां, खेल जगत की झलकियां, यात्रा अनुभव और जीवनशैली से जुड़ी सामग्री युवाओं को आकर्षित करती हैं. लोकप्रिय फिल्मों और वेब सीरीज के छोटे-छोटे दृश्य दर्शकों में जिज्ञासा उत्पन्न करते हैं और उन्हें पूर्ण सामग्री देखने के लिए प्रेरित करते हैं. प्रतिभा प्रदर्शन से जुड़े वीडियो युवाओं को रचनात्मक अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करते हैं. व्यस्त जीवनशैली के बीच रील्स त्वरित मनोरंजन का सुलभ साधन और युवाओं की सोच, दृष्टिकोण और व्यवहार को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण माध्यम बन चुके हैं. अपने संक्षिप्त और आकर्षक स्वरूप के चलते ये जानकारी को तेजी से प्रसारित करते हैं और बड़े वर्ग तक पहुंचाते हैं. इस तरह ये रचनात्मक अभिव्यक्ति और ज्ञानार्जन का सशक्त मंच बन चुके हैं।

हालांकि, सकारात्मक प्रभावों के साथ-साथ हर तकनीक की तरह इंस्टाग्राम रील्स के भी कुछ नकारात्मक पक्ष हैं. सबसे बड़ी चिंता युवाओं का अश्लील अथवा यौन संकेतों वाली सामग्री के संपर्क में आना है. दूसरी प्रमुख समस्या अभद्र, अपमानजनक और विषाक्त सामग्री का प्रसार है. कुछ कंटेंट निर्माता अधिक दर्शक और लोकप्रियता प्राप्त करने के लिए अशिष्ट भाषा, ऑनलाइन उत्पीड़न, घृणा फैलाने वाले वक्तव्य और सार्वजनिक अपमान का सहारा लेते हैं. इससे स्वस्थ संवाद की संस्कृति कमजोर होती है और आक्रामक व्यवहार को बढ़ावा मिलता है. इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा दिया जाये, जिम्मेदार सामग्री उपभोग को प्रोत्साहित किया जाये और सोशल मीडिया मंचों द्वारा प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाये, तभी इंस्टाग्राम रील्स वास्तव में युवाओं के लिए ज्ञान, जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन सकेंगे।

## प्रेरक प्रसंग

### अंतर का प्रकाश

बौद्ध साहित्य में अम्बपाली का नाम विख्यात है। वैशाली में आम के पेड़ के नीचे नन्हीं बालिका पड़ी पाई गई थी। माली उसे उठाकर अपने घर ले गया और उसका पालन-पोषण किया। अम्बपाली बहुत सुंदर थी। बड़ी होने के साथ-साथ उसका सौंदर्य निखरता गया। संगीत, नृत्य और वाद्य में वह निपुण हो गई। उसके रूप- लावण्य ये आकर्षित होकर बड़े-बड़े लोग विवाह का प्रस्ताव लेकर आये, पर उसने सबको इन्कार कर दिया। एक दिन भगवान बुद्ध का वैशाली में आगमन हुआ और संयोग की बात कि वह अम्बपाली के आम्र वन में ठहरे। अम्बपाली उनके दर्शन के लिए गई। उनका अभिववादन करके एक ओर बैठ गई। भगवान बुद्ध ने उसे उपदेश दिया। उपदेश सुनने के बाद उसने विनत होकर भगवान बुद्ध से प्रार्थना की, भन्ते, अपने संघ सहित आप कल का मेरा भोजन स्वीकार करें। भगवान से स्वीकृति दे दी। अगले दिन भगवान बुद्ध अपने भिक्षु-संघ के साथ अम्बपाली के घर गये और उसके हाथ से आहार ग्रहण किया। भोजन के बाद अम्बपाली ने निवेदन किया, भन्ते, मैं इस उपवन को आपके संघ को समर्पित करती हूं। बुद्ध ने उसे स्वीकार कर लिया। भगवान बुद्ध चले गये, लेकिन अम्बपाली एकदम बदल गई। उसे अपनी वास्तविक कुरूपता का भान हुआ। अबतक वह काम-वासना में अनुरक्त और आनंदित थी। उसके जीवन में एक नया अध्याय खुल गया। उसने अपने केश कटवा डाले और भिक्षुणी बन गई। कुछ ही समय में वह साधना के उच्चतम शिखर पर पहुंच गई और पूर्णता-प्राप्त भिक्षुणियों में उसे महत्वपूर्ण स्थान मिल गया। अंतर के प्रकाश से उसका सम्पूर्ण जीवन आलोकित हो गया।

## आपका पत्र मिला

### साल में दो बार सेवानिवृत्ति का प्रस्ताव कितना व्यावहारिक?

केंद्रीय कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति 60 वर्ष की उम्र होने पर जैसी कि जन्म के महीने के आखरी दिन होती चली आई है अब साल में दो बार सेवानिवृत्ति का प्रस्तावित है. ऐसी चर्चा कर्मचारियों के बीच चल रही है. मतलब यदि कोई कर्मचारी जनवरी या उसके बाद जून तक सेवानिवृत्त होना है वो जून में और जो जुलाई से दिसंबर तक सेवानिवृत्त होना है वो दिसंबर में होगा ऐसा प्रस्ताव चर्चित है. यह कितना व्यवहारिक है समझना मुश्किल है. क्योंकि जनवरी में सेवानिवृत्त होने वाले को तो 6 महीने और अधिक का सेवा करने का लाभ मिल जाएगा किन्तु इसके बाद फरवरी से जून तक घटते क्रम में कर्मचारी लाभान्वित होंगे जिनमें जून में जन्मे कर्मचारी को एक माह या उससे कम दिन का लाभ मिलेगा जैसा कि पूर्व से नियम बना हुआ है. सरकार का ऐसा भी मानना है कि 6-6 महीने की सेवानिवृत्ति लागू हो जाती है तो भर्ती प्रक्रिया में समय अधिक मिलेगा जिससे समय पर रिक्त पदों की पूर्ति की जा सकती है. ये सरकार लिए सुविधाजनक हो सकती है. किन्तु महीने (जनवरी से जून या जुलाई से दिसंबर) के घटते क्रम में जन्में कर्मचारियों के लिए किसी को अधिक फायदा तो किसी को कोई फायदा नहीं जैसी स्थिति बनेगी जो कि पूर्णतः व्यवहारिक नहीं हो सकती। इसलिए मासिक सेवानिवृत्ति का नियम ही ठीक है जो तर्कसंगत माना जा सकता है. ऐसे प्रस्ताव पर सरकार को सोच-समझकर व कर्मचारियों के हित को मद्देनजर रखकर गंभीरता से विचार करना चाहिए। ताकि किसी का भी मन भ्रमित/कुंठित न होने पाए।

**शकुंतला महेश नेनावा**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

# बच्चों के साथ खेलें ये खेल, तो होगा शारीरिक सामाजिक और भावनात्मक विकास



बच्चों को मगन रखने या उनके मन-बहलाव की कुछ गतिविधियां ऐसी हैं, जो दिखने में तो सामान्य लगती हैं, लेकिन इन्हें गंभीरता से लिया जाए तो इनका दूरगामी असर होता है। तीन-चार साल के बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं। उन्हें जैसे मोड़ा जाए वैसे मुड़ जाते हैं। और उनके माता-पिता या अभिवावक होते हैं उनके कुम्हार जो उन्हें आने वाले जीवन के लिए एक नए स्वरूप में ढालते हैं। तो इससे बेहतर समय और क्या हो सकता है जब उन्हें शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास के बारे में खेल-खेल में सिखाया जाए।

**शारीरिक विकास संबंधी गतिविधियां-**

**झूला-झुलाना-** सुनने में भले ही थोड़ा अटपटा लगे कि झूला झुलाने से क्या हो सकता है। पर ये बच्चे में बैलेंस करने की क्षमता को बेहतर करता है। हालांकि इस बात का ध्यान रखें कि बच्चे को अधिक तेज़ी से झूला न झुलाएं। वह घबरा भी सकता है। उसे सुरक्षित रखते हुए पकड़कर ही झूला झुलाएं। **डांस करना-** बच्चों को सामंजस्य की कला सिखाने के लिए नृत्य बेहतर विकल्प है। इसके ज़रिए बच्चे की मांसपेशियों का विकास होगा। नृत्य के स्टेप्स को करने से बच्चे क्रियाशील भी बनेंगे। ऐसे कौशल लोगों के साथ मेल-जोल और तालमेल बैठाने की कला में भी माहिर बनाते हैं।

**सामाजिक विकास संबंधी गतिविधियां**

रोलप्ले या एक्टिंग करना- बच्चों को एक्टिंग करने में या फिर नकल करने में बहुत मज़ा आता है। और वे इस उम्र में स्कूल भी जाने लगते हैं तो उनसे स्कूल के दोस्तों की नकल करने को कहें। इससे होगा यह कि बच्चा अपने आस-पास मौजूद लोगों को ग़ौर से देखना और समझना शुरू कर देगा। ये उसके लिए बाक़ी लोगों से जुड़ने में सहायक होगा। प्रतियोगिता में भाग लेना- स्कूल में किसी भी प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चा न केवल ज़्यादा से लोगों से बात कर पाएगा बल्कि कई प्रकार की चुनौतियों के लिए तैयार हो पाएगा। इसके लिए ज़रूरी है कि आप उसका साथ दें, जितना हो सके उसे समझें और उसके संसार को उसके अनुसार विस्तार देने की कोशिश करें।

**भावनात्मक विकास संबंधी गतिविधियां**

कहानी सुनाना- बच्चों को कहानी सुनना बेहद पसंद होता है और ये उनके सामाजिक-भावनात्मक विकास के लिए बहुत अच्छा है क्योंकि कहानियां बच्चों में भाव और रचनात्मकता पैदा करती हैं। बच्चे को कहानियां सुनाएं और फिर इस बारे में उससे चर्चा भी करें। ऐसा करने से बच्चे में समाानुभूति विकसित होगी। वह ख़ुद की और दूसरों की भावनाओं को बताना भी सीखेगा।

**घर के बाहर घुमाना-** पार्क या किसी ऐसी जगह उसे घुमाने ले जाएं जहां पर्यावरण या इतिहास से संबंधी चीज़ें/इमारतें मौजूद हों। इससे बच्चा चीज़ों को महसूस करके उनके बारे में जानेगा। जो उसके संसार की तस्वीर को बड़ा करने का काम करेंगे। कोशिश करें कि बच्चे को जानकारी देते समय आप उत्साहित रहें। इससे वह भी आपसे हर प्रश्न उत्साह के साथ ही पूछेगा जो उसे जिज्ञासु बनाने के साथ उसके बौद्धिक विकास में भी अहम भूमिका निभाएगा।

**न भूलें कि वह बच्चा ही है**

बच्चे को कोई भी चीज़ सिखाने से पहले इतना याद रखें कि वह अभी संसार को जानने के लिए पहला क़दम रख रहा है। इसलिए उस पर बोझ न बनने न दें कि उसे क्या सीखना और क्या करना है। उसे हर चीज़ प्यार के साथ धीरे-धीरे ही सिखाएं। साथ ही बच्चे के प्रश्नों के जितना हो सके उत्तर देने की कोशिश करें।

# बढ़ रहा है मोटापा, तो ऐसे करें कंट्रोल



बिगड़ते लाइफस्टाइल और गलत खान-पान का असर बच्चों पर बहुत ज्यादा हो रहा है। बड़ों के मुकाबले गलत लाइफस्टाइल के चलते बच्चे मोटापे का शिकार हो रहे हैं। इसके कारण उन्हें कई तरह की समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। मोटापा और बच्चों का बढ़ा हुआ वजन कई तरह की क्रोनिक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है लेकिन क्या आप जानते हैं कि बच्चों में मोटापा बढ़ने के क्या कारण है और आप उनके बढ़ते हुए मोटापे को कैसे कंट्रोल में कर सकते हैं। आज आपको इस बारे में बताएंगे आइए जानते हैं-

**फिजिकली एक्टिव न होने के कारण :** आजकल ज्यादातर बच्चे बाहर जाने की जगह घर में बैठकर ही मोबाइल पर गेम्स खेलना पसंद करते हैं। इसके चलते उनकी फिजिकल एक्टिविटी कम हो रही है। फिजिकल एक्टिविटी कम होने के कारण और शरीर में कैलोरीज भी कम नहीं हो रही। ऐसे बच्चों में फिजिकली एक्टिव न होने के कारण बच्चों में मोटापा भी बढ़ रहा है।

**अनहेल्दी फूड्स :** बचपन से ही कुछ बच्चे बाजार का जंक फूड खाने के शौकीन हो जाते हैं। ऐसे में वह घर का खाना भी पसंद नहीं करते। हमेशा जंक फूड, कार्बोहाइड्रेट्स और शुगरी वाली ड्रिंक्स पीने के कारण बच्चों में मोटापा बढ़ने लगता है। अनहेल्दी फूड्स और डाइट बच्चे के शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है जो बच्चों में मोटापे का मुख्य कारण बनती है। लाइफस्टाइल में बदलाव : समय के साथ-साथ बच्चों के लाइफस्टाइल में भी तेजी से बदलाव हो सकता है। ऐसे में इसके चलते बच्चों के स्वास्थ्य और सेहत दोनों पर ही बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। कई बार वर्किंग पेरेंट्स न होने के कारण बच्चों के सोने और जागने के पैटर्न में भी बदलाव हो सकता है जिसके कारण उसकी सेहत पर प्रभाव पड़ता है। इस तरह करें बच्चों में मोटापा कम - **हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए कहें :** यदि आप चाहते हैं कि बच्चा समय से सोए और उठे तो इस बात का ध्यान रखें कि बच्चा पूरी नींद लें। यदि पेरेंट्स अपने बच्चों का लाइफस्टाइल को बैलेंस करके रखेंगे तो ही बच्चों पर इसका असर पड़ेगा। मोटापा ऐसी समस्या है जो कि बच्चों में कई सारी दिक्कतें पैदा कर सकता है लेकिन सही दिशा और देखभाल के जरिए ही आप बच्चों को मोटापे से बचा सकते हैं। **अच्छी डाइट दें :** यदि बच्चे अपनी डाइट का ध्यान नहीं रखते तो ऐसे में अगर बच्चों को स्वस्थ और मोटापे से दूर रखना है तो माता-पिता को इस बात का ध्यान देना होना कि बच्चों को हेल्दी डाइट दें। यदि आपके बच्चे जंक फूड की जिद्द करते हैं तो उसे पूरी न करें बल्कि घर में भी उन्हें हेल्दी रखने का प्रयास करें। बच्चों को भरपूर मात्रा में फल, सब्जियां और ड्राई फ्रूट्स खिलाएं। **फिजिकली एक्टिव रखें :** माता-पिता को अपने बच्चों को फिजिकली एक्टिविटी के लिए जरुर प्रोत्साहित करना चाहिए। आप बच्चों के साथ पार्क में खेलने के लिए जा सकते हैं।

# बच्चों को न दें पेरेंट्स ज्यादा विकल्प, उलझन में ले लेंगे गलत फैसले



रेंट्स बच्चों पर कई बार इतना दबाव बना देते हैं कि वह परेशान ही हो जाते हैं। परेशानी के चलते बच्चे तनाव में आकर गलत फैसले भी लेने शुरु कर देते हैं। परेशानी में उलझकर बच्चे गलत फैसले भी लेते हैं और तनाव में आ जाते हैं। पेरेंट्स के ज्यादा विकल्पों के चलते बच्चे सही फैसले भी नहीं ले पाते। **डिसीजन फटीग होते हैं फैसले-** पैरेंटिंग एक्सपर्ट्स इसे फैसले लेने का दबाव और डिसीजन फटीग कहते हैं। स्कूल संचालक होने के नाते क्रिस्टीन बच्चों और पेरेंट्स से भी लगातार जुड़े रहते हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों के पालन-पोषण के ट्रैंड बदलते ही रहते हैं। बच्चों को ज्यादा विकल्प देने के पीछे अच्छा विचार यह था कि वे भी खुद को परिवार का अहम हिस्सा समझ लें। इस पर विचार करते हुए एक्सपर्ट्स इस फैसले तक पहुंचे हैं। अब बच्चों से उनकी हर इच्छा के पूछना आम ही हो गया है। ज्यादा चिंता वाली बात यह है कि बच्चों के हर फैसले में उनकी मर्जी पूछी जा रही है। उदाहरण के लिए छोटे बच्चों को पेरेंट्स उन्हें व्यस्त रखने के लिए कई सारे खिलौने खरीदकर दे देते हैं और बच्चे के साथ समय बिताने लगते हैं। बहुत से लोग खिलौने देखकर वे विचलित हो जाते हैं और लगातार उलझन में रहते हैं कि किससे खेलें। **बच्चों के लिए हो सकता है नुकसानदेह** - मनोवैज्ञानिक औएरिन वेस्टगेट कहते हैं इसमें कोई शक नहीं है कि विकल्प बच्चों को मजबूत बनाते हैं पर असाधारण नहीं। बच्चों से लगातार सवाल पूछकर उनकी आधिकारिता को बढ़ाना, नुकसानदेह हो सकता है। बच्चों में यह अपेक्षा करना कि वे हर फैसले पर तुरंत ही सहमति दे देंगे। पैरेंट्स और बच्चों के लिए अव्यवहारिक हो जाता है। यह बच्चा होने के सर्वोत्तम पहलू भी छीन लेता है। जरुरी है कि हम बच्चों को चिंता मुक्त जिंदगी दें और समझें कि पसंद से वैसे भी संतुष्टि नहीं मिलती बल्कि कई मामलों में इससे पछतावा होने की आशंका भी रहती है। **बच्चे होंगे खराब** -मनोवैज्ञानिक एक्सपर्ट हीथर टेडेस्को कहती हैं कि -अगर पेरेंट्स से शाम 6 बजे पूछें कि वे डिनर में क्या लेंगे तो वे स्पष्ट नहीं बताएंगे। ऐसा संभव इसलिए है क्योंकि सुबह से शाम तक उन्होंने ऐसी चीजों के बारे में सैंकड़ों फैसले लिए होंगे जिसके नतीजे गंभीर हो सकते हैं। यदि बड़े होकर हम लोगों के लिए फैसलों को चुनना मुश्किल हो सकता है तो कल्पना करें कि इसका असर बच्चों पर क्या-क्या पड़ेगा।

# बच्चों में इस वजह से जमा होता है कफ, पेरेंट्स जानें लक्षण



बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत ही कमजोर होती है। ऐसे में वह किसी भी बीमारी की चपेट में बहुत ही जल्दी आते हैं। माता-पिता को बच्चों की अच्छी देखभाल की जरुर होती है। चाहे बच्चों को कोई भी समस्या हो उन्हें अच्छी देखभाल की जरुरत होती है। सर्दियों के इस मौसम में बच्चों की छाती में कफ जमने लगता है। इस स्थिति को चेस्ट कंजेशन भी कहते हैं जब ये स्थिति पैदा होती है तो फेफड़े और श्वास की नली के निचले हिस्से में बलगम भी जमने लगती है।

बच्चों में कफ जमने के लक्षण

-छाती में दर्द महसूस होना

-सीने में भारीपन महसूस करना

-छाती में जकड़न महसूस होना

-खांसते समय मुंह में से बलगम का आना

-बच्चों को बुखार आना

-बच्चों को सिरदर्द रहना

-गले में दर्द या फिर जलन रहना

**कारण -**

- जब छोटे बच्चों को सर्दी हो जाती है तो लक्षणों के तौर पर उनकी छाती में कफ जमने लगता है।

-बच्चों में सिस्टिक फाइब्रोसिस (जेनेटिक समस्या) के कारण भी छाती में कफ जम सकता है।

-अपर रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इंफेक्शन के कारण भी बच्चों में वायरल इंफेक्शन हो सकता है जिसके कारण बच्चों की नाक, गले और वायुमार्ग पर नेगेटिव असर पड़ता है।

. बच्चों को चेस्ट कोल्ड यानी की एक्यूट ब्रोंकाइटिस की समस्या भी हो जाती है तब भी उनके सीने में कफ जमा हो सकता है। इस समस्या के दौरान बच्चों के फेफड़ों के वायुमार्ग सूजने लगता है जिसके कारण फेफड़ों में कफ बनना शुरु हो जाता है। यह समस्या बच्चों में चेस्ट कंजेक्शन भी कहलाती है।

**कैसे करें बचाव?**

**लहसुन**

लहसुन का इस्तेमाल करके भी आप बच्चों की बलगम की समस्या दूर कर सकते हैं। इसके सेवन से ना सिर्फ सर्दी-खांसी से बच्चों को छुटकारा मिलेगा बल्कि उनका कफ भी बाहर आ जाएगा।

**हल्दी**

हल्दी की तासीर गर्म होती है इसका बच्चों के लिए इस्तेमाल करके भी आप उनके कफ की समस्या को दूर कर सकते हैं। हल्दी का सेवन करने से बच्चों की बलगम बाहर आएगी।

**तेल मालिश**

बच्चों की छाती में से कफ निकालने के लिए आप उनकी सरसों के तेल से मालिश कर सकते हैं। सरसों के तेल को हल्का गर्म करें। फिर बच्चों की इससे मालिश करें उन्हें बलगम से काफी राहत मिलेगी।

# माता-पिता बच्चों को कभी न कहें ये बातें, वरना रिश्ता हो सकता है खराब



बच्चों का ख्याल रखना माता-पिता की जिम्मेदारी होती है। जब बच्चे छोटे होते हैं, तो उनको खाना खिलाने से लेकर उनको कपड़े पहनाने और उनको सुलाने तक की जिम्मेदारी माता-पिता बड़े अच्छे से निभाते हैं। वहीं, आप बच्चों को जैसी परवरिश देते हैं, बच्चे वैसा ही सीखते हैं। अगर आप बच्चों के सामने लड़ाई करेंगे, उन्हें बुरा-भला कहेंगे या हर वक्त उन्हें डांटते ही रहेंगे आदि। तो ऐसे में बच्चों को कई बार इन चीजों की आदत पड़ जाती है। इसलिए कई बार अलग तरीके से काम लेना पड़ता है, लेकिन कुछ बातें ऐसी हैं जो माता-पिता को अपने बच्चों के सामने कभी नहीं बोलनी चाहिए। वरना बच्चों पर इसका गलत असर पड़ सकता है और साथ ही आपका बच्चों संग रिश्ता भी खराब हो सकता है। तो चलिए जानते हैं ये कौन सी बातें हैं। आप आगे इस बारे में जान सकते हैं- बच्चों को भूलकर भी कभी ऐसा न कहें कि घर छोड़कर चले जाओ। अगर आप ऐसा कहते हैं तो बच्चों पर इसका गलत असर पड़ सकता है और आपके द्वारा गुस्से में कही बात को वो कभी सच में दिल से लगा सकते हैं और इसका नतीजा बुरा हो सकता है। अपने बच्चों की तुलना कभी भी दूसरों के बच्चों से न करें। अगर आप ऐसा करते हैं, तो आप अपने बच्चों का आत्मविश्वास कम करते हैं। हर बच्चा एक-दूसरे से अलग होता है, उसके सोचने की शक्ति, समझने की शक्ति, पढ़ने का तरीका आदि। सभी कुछ अलग होता है इसलिए कभी भी तुलना करने की जगह उन्हें सिखाएं।

# कहानी के किरदार से बच्चे बलवान



कहानियां हमें सिर्फ रोमांचित नहीं करतीं, बल्कि रचनात्मक ढंग से सोचने के कई अवसर भी देती हैं। मशहूर वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टाइन ने कहा था, अगर आप बच्चे को बुद्धिमान बनाना चाहते हैं तो उसे फेयरी टेल्स सुनाइए। अगर उसे और बुद्धिमान बनाना चाहते हैं तो उसे और ज्यादा फेयरी टेल्स सुनाइए। दरअसल, बच्चे जब कहानियां सुनते हैं तो वे कल्पना की दुनिया में पहुंच जाते हैं। आप जिन किरदारों के बारे में उनको बताती हैं, वे उनके रंग-रूप, आकार-प्रकार की कल्पना करते हैं। इस तरह कहानियां सुनाकर आप बच्चों के कल्पनाशील मस्तिष्क में रचनात्मकता के बीज बो सकती हैं और उनमें दुनिया की समझ बढ़ा सकती हैं। इसके अलावा भी अनेक ऐसे गुण हैं, जो बच्चों में कहानियां सुनकर विकसित होते हैं।

**भाषा कौशल और रुचि :** कहानियों में नए शब्दों का सामंजस्य होता है, जिससे बच्चे नए शब्द सीखते हैं, जिनको अपनी भाषा में शामिल करने का उन्हें अवसर मिलता है। साथ ही कहानियां बच्चों में वाक्य रचना कौशल को सुधारने में मदद करती हैं। बच्चे सीखते हैं कि कैसे वे विचारों को स्पष्ट और सही तरीके से व्यक्त कर सकते हैं। कहानियां विभिन्न विषयों और किरदारों पर आधारित होती हैं, जिससे बच्चों में उनके बारे में जानने की रुचि विकसित होती है। कहानियां उन्हें विज्ञान, साहित्य, कला आदि की तरफ आकर्षित करती हैं, जिससे उनकी रुचि में सुधार होता है और उनमें अधिक जानने की जिज्ञासा पैदा होती है। कल्पना शक्ति : कहानियां बच्चों को नए दृष्टिकोण और विचार प्रदान करती हैं, जिससे उनकी कल्पना और सोचने की क्षमता में सुधार होता है। वे कहानियां सुनते-सुनते कल्पना की दुनिया में पहुंच जाते हैं। कहानी का अंत हो जाता है, लेकिन वे तब भी कहानी में आगे क्या हुआ होगा, इस बारे में सोचते रहते हैं। इस तरह कहानियां सुनाकर आप बच्चों को कल्पनाशील और रचनात्मक बना सकती हैं।

**बढ़ता है साहस :** कहानियां बच्चों को नैतिक, सामाजिक और भौतिक दृष्टिकोण से विचार करने की क्षमता प्रदान करती हैं, जिससे उनकी सोच विकसित होती है। कहानियों के किरदार अपनी समस्याओं का सामना कैसे करते हैं, इससे बच्चों को समस्याओं को हल करने के तरीके और रास्ते मिलते हैं, साथ ही उनकी सोचने की क्षमता भी विकसित होती है।

**सुनना और ध्यान-शक्ति :** कहानियों को सुनना बच्चों की सुनने की क्षमता को बढ़ाता है। इससे वे अच्छे वक्ता बनने के साथ अच्छे श्रोता भी बनते हैं। बच्चों का कहानियां सुनना और समझना उनकी ध्यान-शक्ति को बढ़ा सकता है। कहानियां उन्हें लगातार ध्यान में रखने, विचार करने और बुनियादी अवस्थाओं को समझने की क्षमता में सुधार करने में मदद करती हैं।

**नैतिक शिक्षा :** कहानियां अक्सर नैतिक सीख देती हैं, जो बच्चों को सही और गलत के बीच अंतर समझने में मदद करती है। किरदारों के माध्यम से बच्चे अच्छे और ईमानदार बनने की ओर प्रेरित होते हैं। ये किस्से उन्हें नैतिकता, सहानुभूति और सद्गुणों के महत्व से परिचित कराते हैं, जो उनके व्यक्तिगत और सामाजिक विकास में अहम भूमिका निभाता है। साथ ही बच्चों को कहानियों के माध्यम से धार्मिक मूल्यों और शिक्षा का परिचय होता है।

**सामाजिक संबंधों में सुधार :** बच्चों को कहानियों के माध्यम से सामाजिक मूल्यों, सहयोग और समर्पण की शिक्षा दी जा सकती है। कहानियां उन्हें समझदारी, सहानुभूति और सामूहिक सहयोग का अहसास कराने में मदद करती हैं, जिससे उनके सामाजिक संबंध मजबूत होते हैं।

**सेहत को लाभ :** बच्चों को कहानियां सुनाने से उनमें सकारात्मक आदतें बनती हैं, साथ ही जीवन में चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित करती हैं। इसके अलावा कहानियां बच्चों को दिन भर की थकान और तनाव से दूर रखती हैं, साथ ही बच्चों को सीखने में मदद करने, उनका मनोबल बढ़ाने और परिवार के साथ मधुर संबंध बनाए रखने में सहायक होती हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शनिवार, 20 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे षष्ठी तिथौ शनि वासरे 15/48/ मघा नक्षत्रे 09/26/ वज्रा योग 12/49/ तैतिल करणे 15/48/ सिंह राशिगत चन्द्रमा 09 घं. 26 मि. पर।

व्रत एवं त्यौहार- संत टेउंराम पुण्य तिथि। विध्यव्यासिनी षष्ठी।

**मेष :** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति बखूबी करेंगे। शेयर्स सट्टा में अर्थ लाभ होगा। वाहन मकान का सुख मिलेगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष :** वाद विवाद पर विजय प्राप्त होगी। कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति होगी। नियमित दिनचर्या रहेगी। राजनेता का सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन :** प्रगति के नए अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के पाने से हर्ष होगा।

**कर्क :** संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**सिंह :** किसी मूल्यवान वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। आर्थिक मामलों में चल रहा प्रयास सफल होगा। मित्रों से संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**कन्या :** संबंधित अधिकारी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में किसी धार्मिक उत्सव के कारण प्रसन्नता रहेगी। नेत्र पीड़ा से पीड़ित होंगे।

**तुला :** समारोह तथा गोष्ठियों में जाने का अवसर प्राप्त होगा। सत्तापक्ष से अनुकूल सहयोग प्राप्त होगा। ऋण लेने की स्थिति बनेगी।

**वृश्चिक :** राजकीय सम्मान लेने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। वाद-विवाद से दूर रहें। राज्य अधिकारी वर्ग से हानि होगी। यात्रा का योग है।

**धनु :** किसी सूचना से प्रसन्नता व भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक व्यय की पूर्ति के लिए सट्टा लाटरी जैसे प्रयास उपयोगी होंगे।

**मकर :** किसी मित्र के आगमन की सूचना से मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय की स्थिति सामान्य रहेगी। भाग्य से धन बढ़ेगा।

**कुंभ :** आर्थिक लेन-देन निपट सकेगा। विरोधी की ओर से परेशानी होगी। भाग्य से धन बढ़ेगा। मन में आशंका रहेंगी।

**मीन :** आर्थिक मामलों में जीवनसाथी से विवाद होगा। व्यापार व्यवसाय में हानि हो सकती है। बढ़ते व्यय से समस्याएं होंगी।

# बच्चों में डालनी है किताब पढ़ने की आदत, तो ये टिप्स आयेंगे काम



रीडिंग यानी पढ़ने की आदत एक ऐसी अच्छी आदत है, जो हर एक इंसान को अपनानी चाहिए। ये आदत बचपन से ही बच्चों में डाली जाए तो यह जीवन भर काम आती है। इसके अनेक फायदे हैं जैसे बच्चे हर किताब से कुछ न कुछ सीखते हैं, बच्चों को कभी अकेलापन महसूस नहीं होता है।

**बच्चों में ऐसे में जगाएं रीडिंग के प्रति दिलचस्पी** - उदाहरण पेश करें : बच्चों के लिए मां-बाप ही सबसे पहले शिक्षक होते हैं। और बच्चे उन्हीं से सीखकर बड़े होते हैं। इसलिए माता-पिता को खुद उनके सामने बैठकर किताब पढ़ने का उदाहरण पेश करना चाहिए, जिससे वे भी आपको कॉपी करने के लालच में किताब लेकर बैठेंगे। भले ही वे कुछ पढ़ न पाएं लेकिन उन्हें उम्र के हिसाब से किताबें लाकर दें। वे फोटो वाली किताबें देख कर आकर्षित होंगे और बड़े होते-होते किताब पढ़ने में भी दिलचस्पी लेने लगेंगे। आपको बस उनके साथ बैठ कर खुद पढ़ना है। रीडिंग और असली जीवन से जुड़ाव महसूस कराएं : बच्चे जब अपने असल जीवन में जीने वाले पल को किताबों में पढ़ते या देखते हैं, तो वे किताबों से जुड़ाव महसूस करते हैं। जैसे अगर वे किताबों में देखेंगे कि बच्चे खाना खा रहे हैं, या पार्क में खेल रहे हैं तो वे खुश और उत्सुक हो कर अपने असल जीवन से किताबों को जोड़ पाएंगे और आगे और भी किताब पढ़ने के प्रति दिलचस्पी दिखाते रहेंगे।

**एक रीडिंग कॉर्नर बनाएं :** जब बच्चों को घर में एक अपना ऐसा कॉर्नर मिलता है, जहां सिर्फ किताबें भरी हों, और किसी भी तरह का कोई डिस्ट्रैक्शन न हो यानी वहां सिर्फ किताबें, चेयर और टेबल हो और इसके अलावा कोई टीवी, मोबाइल, या मनोरंजन के अन्य साधन न हों, तब वे किताबों में पूरे तरीके से दिलचस्पी दिखा पाते हैं। एक सुकून भरा रीडिंग कॉर्नर बचपन से ही उन्हें बना कर दें जहां एक टेबल चेयर हो और उस पर आप एक टेबल लैंप रख सकते हैं। यहां आ कर बच्चे अपने आप ही किताब खोल कर पढ़ने बैठ जाएंगे। **अलग-अलग जॉनर की किताब पढ़ाएं :** बच्चों की पसंद के अनुसार उन्हें अलग अलग जॉनर की किताबें पढ़ाएं और समझें कि उन्हें किसमें अधिक दिलचस्पी है। किसी को फिक्शन पसंद आ सकता है और किसी को ड्रामा। उन पर अपनी पसंद न थोपें अन्यथा रीडिंग उनके लिए बोझिल प्रक्रिया हो जाएगी। उनकी पसंद का ख्याल रखें। **हर रात सोने के पहले किताब पढ़ने की आदत डालें :** आज की पीढ़ी सोने से पहले मोबाइल में घुसी रहती है। अपने बच्चे को इस कीड़े से बचाएं और उन्हें हर रात सोने से पहले कोई अच्छी किताब पढ़ने के लिए प्रेरित करें। इससे उन्हें अच्छी नींद भी आएगी और वे स्क्रीन टाइम से भी बचेंगे।

## एसी कंप्रेशर फटने से दो युवक घायल दुकान में मची भगदड

**फर्रुखाबाद।** शहर के थाना कादरीगेट क्षेत्र के डिग्गी ताल मोहल्ले में शुक्रवार दोपहर एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान पर एसी कंप्रेशर रिपेयरिंग के दौरान फट गया। तेज धमाके के साथ हुए हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को आनन.फानन निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहां उनका इलाज चल रहा है।

# प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने किया सम्मेलन का शुभारंभ लाभार्थियों को बांटे उपकरण, बीज

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

फर्रुखाबाद।भोजपुर स्थित एक रिसॉर्ट में शुक्रवार को प्राकृतिक खेती कार्यशाला एवं विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रदेश के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया और किसानों से प्राकृतिक खेती में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया।

मंत्री जयवीर सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने सूचना विभाग जैविक खेती स्वास्थ्य स्वयं सहायता समूह नाबार्ड बाल विकास कुम्हारी तथा आम उत्पादकों समेत कुल 21 स्टॉलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया। इस दौरान किसानों को कृषि उपकरण और उन्नत किस्म के बीज वितरित किए गए। आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों आयुष्मान कार्ड दिए गएअपने संबोधन में प्रभारी मंत्री ने कहा कि फर्रुखाबाद आलू उत्पादन के लिए प्रदेश में अलग पहचान रखता है लेकिन गुणवत्ता में सुधार की जरूरत है। उन्होंने किसानों से उच्च गुणवत्ता वाला आलू उत्पादन करने की अपील की ताकि भविष्य में चिप्स निर्माण जैसी बड़ी उद्योग इकाइयों की स्थापना की संभावनाएं बढ़ सकें। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार किसानों को तकनीकी सहायता और हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी डॉक्टर अंकुर लाकर ने कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती से किसानों को बेहतर बाजार भूमि की उर्वरता में वृद्धि पर्यावरण संरक्षण तथा स्वास्थ्य संबंधी लाभ प्राप्त होते हैं उन्होंने किसानों से भविष्य की पीडिया के हित में प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की इस दौरान आठ कृषकों को बीच मिनी गेट पांच किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन प्रोत्साहित करने के लिए पांच कृषकों को नैपसेक स्पेयर वितरित किए गए कार्यक्रम के दौरान अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य की अचानक तबीयत बिगड़ गई। संबोधन के कुछ देर बाद वे मंच पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्साधिकारी ने तुरंत उनका प्राथमिक उपचार किया जिसके बाद उन्हें निजी वाहन से अस्पताल भेजा गया। घटना से कुछ देर के लिए कार्यक्रम स्थल पर अफरा.तफरी मच गई हालांकि उपचार के बाद स्थिति सामान्य होने पर कार्यक्रम आगे जारी रहा। उपनिदेशक कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद राजपूत मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी मुख्य चिकित्साधिकारी डा आलोक उपाध्याय भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ सहसंयोजक वीरेंद्र सिंह राठौर समेत कई विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।




# कार्यालय नगर पंचायत रामपुरा जालौन

पत्रांक– 49(3)/न० पं०रा०/15 वां वित्त आयोग/निर्माण वि0/2026–27 दिनांक 18.06.2026

**(निविदा सूचना)**

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में 15 वां वित्त आयोग योजना (टाईड ग्राण्ट एवं अनटाईड ग्राण्ट) की धनराशि से निम्नलिखित निविदायें आमन्त्रित की जा रही है निविदाओं की बिक्री तिथि 24.06.2026 से 02.7.2026 तक नगर पंचायत रामपुरा जालौन के कार्यालय में कार्यालय समय में एवं दिनांक 03.07.2026 कार्यालय अपरजिलाधिकारी (वि०/रा०)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय जनपद–जालौन में एल०बी०ए० पटल पर सायं 5.00 बजे तक बेची जायेगी तथा ठेकेदार/फर्मो के द्वारा अपनी–अपनी निविदाए को कार्यालय अपरजिलाधिकारी (वि०/रा०)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय जनपद–जालौन में रखे निविदा बाक्स में शीलबन्द निविदायें दिनांक 04.07.2026 को समय अपरान्ह 1.00 बजे तक डाली जावेगी। जो उसी दिन उपस्थित/अनुपस्थित निविदाताओं के समक्ष समय अपरान्ह 2.00 बजे अधोहस्ताक्षरी एवं अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष महोदया के समक्ष खोली जावेगी। निविदाओं के साथ 10 प्रतिशत जमानत की धनराशि नगद/एफ०डी०आर०/सी०डी०आर०/एन०एस०सी० जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत रामपुरा (जालौन) के पदनाम से बंधक होगी जो टैण्डर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में बिना जमानत धनराशि की प्राप्त निविदाये स्वतः निरस्त समझी जावेगी। निविदा स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

**15 वीं वित्त आयोग (टाईड ग्राण्ट योजना)**

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | आंगणन राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य 18 % जी.एस.टी. सहित | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्य संख्या 01 नगर पंचायत रामपुरा के अर्न्तगत वार्ड नं 04 में हनुमान टेकरी मन्दिर के पास वेल रिचार्ज एवं जल संरक्षण का कार्य। | 986901.00 | 1165.00 | 98690.00 | 45 दिन |
| 2. | कार्य संख्या 02 नगर पंचायत रामपुरा के अर्न्तगत वार्ड नं 04 में गीता नर्स के मकान के पास वेल रिचार्ज एवं जल संरक्षण का कार्य। | 780262.00 | 921.00 | 78026.00 | 45 दिन |
| 3. | कार्य संख्या 03 नगर पंचायत रामपुरा के अर्न्तगत वार्ड नं 04 में महावीर के मकान के पास वेल रिचार्ज एवं जल संरक्षण का कार्य। | 110407.00 | 130.00 | 11040.00 | 45 दिन |

**15 वां वित्त आयोग (अनटाईड ग्राण्ट योजना)**

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | आंगणन राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य 18 % जी.एस.टी. सहित | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 4. | कार्य संख्या 04 वार्ड नं 08 में नगर पंचायत रामपुरा के कार्यालय परिसर में एवं किला तिराहा (शैलेष की दुकान) सी०सी० का निर्माण | 496328.00 | 586.00 | 49632.00 | 45 दिन |
| 5. | कार्य संख्या 05 वार्ड नं 04 नगर पंचायत रामपुरा में जगरूप के मकान से किशोरी लाल के मकान होते हुये जगम्मनपुर रोड तक सी.सी० सडक एवं नाली निर्माण कार्य। | 786196.00 | 928.00 | 78619.00 | 45 दिन |

**शर्तें–**

1. कोई भी निविदायें सशर्त मान्य नहीं होगी। निविदा सशर्त होने की स्थिति में स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
2. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशाषी अधिकारी/अध्यक्ष महोदया का होगा।
3. निविदा प्रपत्र की दर्शायी गयी धनराशि नगद जमा की जायेगी। निविदा मूल्य की धनराशि किसी भी दशा में वापिस नहीं की जायेगी।
4. निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रों के अतिरिक्त मूल अभिलेखों एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि की रशीदे लगाया जाना अनिवार्य होगा। निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो जाने अर्थात निविदा की तकनीकि एवं वित्तीय निविदा खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जायेगे। निविदा की तकनीकि एवं वित्तीय निविदा खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि जमा करते हुये रसीद नही प्राप्त कराये जाने पर निविदादाता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी तथा पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डालने की भी कार्यवाही की जायेगी।
5. प्रत्येक निविदा के साथ वांछित अभिलेख की छायाप्रति तथा स्व–घोषणा (टी०–6), धरोहर धनराशि एवं निविदा मूल्य की मूल प्रति निर्धारित अवधि तक शीलबन्द लिफाफे में नगर पंचायत रामपुरा में रखे निविदा बाक्स में डालना अनिवार्य होगा तथा प्रत्येक लिफाफे पर कार्य संख्या निविदा की तिथि फर्म/ठेकेदार का नाम...... एवं पता...... अंकित करना अनिवार्य होगा।
6. प्रत्येक निविदा के साथ निविदादाता को चरित्र, हैसियत प्रमाण पत्र एवं स्व–घोषणा (टी०–4, टी०–5 एवं टी०–6), पैन नम्बर, जी०एस०टी० पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. आंगणन दर से कम दरों पर प्राप्त होने वाली निविदाओं में परफार्मेस सिक्योरिटी के सम्बन्ध में शा०सं०–11593/नौ–5–2021–142सा/2021 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 07 जनवरी, 2022 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा जिसके तहत 10 प्रतिशत तक स्टीमेट से कम (Below) होने पर 03 प्रतिशत परफार्मेस सिक्योरिटी तथा 10 प्रतिशत से अधिक स्टीमेट से कम (Below) होने की दशा में प्रत्येक एक प्रतिशत पर अतिरिक्त परफार्मेस सिक्योरिटी की दर 0.5 प्रतिशत जमा करनी अनिवार्य होगा।
8. निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया शा०सं०–1319/नौ–9–21–45ज/21 नगर विकास अनुभाग–9 लखनऊ दिनांक 30 जून, 2021 का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
9. अपठनीय/अस्पष्ट स्कैन कापी टैण्डर के साथ होने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
10. ठेकेदार/फर्म की जी०एस०टी० में पंजीकरण अनिवार्य है तथा जी०एस०टी० के अन्तर्गत आने वाले समस्त कटौती देय होगी। जी०एस०टी० के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी प्राविधान लागू होने तथा नियमानुसार आयकर व अन्य करों की कटौती की जायेगी।
11. प्रत्येक निविदादाता को निविदा डालने से पूर्व कार्य से सम्बन्धित रेखाचित्र/डिजाइन, कार्यस्थल इत्यादि प्रविष्टियों का भली–भाँति अभिलेखीय व स्थलीय निरीक्षण/अवलोकन कर लें। निविदा स्वीकृति के उपरान्त किसी भी प्रकार का क्लेम मान्य नहीं होगा।
12. निविदा स्वीकृत के पश्चात फर्म एवं ठेकेदार को एक सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध की कार्यवाही पूर्ण करनी होगी अन्यथा ठेकेदार की निविदा को निरस्त करते हुये दूसरे नम्बर की निविदा पर विचार किया जायेगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबधित फर्म/ठेकेदार का होगा।
13. ऐसे निविदादाता जिसका सगा, सम्बन्धी नगर पंचायत रामपुरा में अधिकारी/कर्मचारी के पद पर आसीन हो को कार्य करने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। निविदादाता को इस सम्बन्ध में नाम तथा पद सहित कार्यकारी रिश्तेयार का शपथ पत्र पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
14. ऐसे राजपत्रित अभियंता/अधिकारी जिन्होने राज्य/केन्द्र सरकार की सेवा में सेवानिवृत्त हुये 02 वर्ष पूर्ण किये हो को ठेकेदार के रूप में अथवा ठेकेदार कर्मचारी के रूप में कार्य करने की अनुमति बिना राज्य सरकार की अनुमति के नहीं है। यदि निविदा स्वीकृत होने के पश्चात भी यह संज्ञान में आता है कि निविदादाता अथवा उसके यहाँ कार्यरत अभियन्ता पिछले 02 वर्ष से कम की अवधि में राज्य सरकार/केन्द्र सरकार की सेवा से सेवानिवृत्त हुआ है तो ऐसी दशा में उनकी निविदाएं तुरन्त निरस्त कर दी जायेगी।
15. अपराधिक रिकॉर्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रकिया में भाग लेने की अनुमति नही होगी।
16. कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार कौंसिल में पंजीकृत है उन्हे निविदा प्रकिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।
17. कोई भी निविदादाता जो राज्य सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज हो, वह निविदा प्रकिया में भाग नहीं ले सकेगा।
18. यदि कोई भी निविदादाता निर्धारित विधि एवं प्रक्रिया के विरुद्ध अनुबन्ध करने हेतु सक्षम प्राधिकारी पर दबाब/असम्यक असर डालता है तो प्रश्नगत निविदादाता के न्यूनतम मूल्य की स्थिति में भी उसकी निविदा निरस्त की जा सकती है।
19. प्रत्येक निविदादाता को कार्य स्वीकृति के उपरान्त कार्य करने के दौरान कार्य स्थल पर स्वयं उपस्थित रहना होगा या अपने प्रबंधक को कार्य स्थल पर रखना होगा जिससे कार्य के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश यथा समय उसे दिया जा सके। निविदादाता को ऐसे नियुक्त किये गये प्रबंधक कि सूचना कार्यालय में लिखित रूप से देना होगा।
20. निविदादाता को कार्य स्वीकृति के उपरान्त कार्य समाप्त होने के पश्चात कार्य समाप्ति की सूचना मय फोटो सहित लिखित रूप से कार्यालय को देना होगा तथा कार्य स्थल से समस्त मलवा आदि अपने व्यय से हटाना होगा।
21. प्रत्येक निविदादाता को निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा। कार्य की अवधि अकारण अवधि नहीं बढ़ायी जायेगी। नियत अवधि में कार्य पूर्ण नही होने की दशा में विभाग को अवशेष कार्य के 10 प्रतिशत के बराबर अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा नियत अर्थदण्ड प्रतिदिन की दर से निविदादाता के बिलों से/जमानत आदि से वसूलने का अधिकार होगा।
22. प्रत्येक निविदादाता को निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्य समाप्त करने से कम से कम तीन दिन पूर्व अवर अभियन्ता को लिखित रूप से माप तौल करने हेतु सूचना देना अनिवार्य होगा माप तौल करने के बाद ही कार्य को ढकेगा। यदि उसके ऐसा न करने के कारण कार्य की जाँच अथवा माप तौल के लिये कार्य को उखाड़ा गया तो इसमे जो भी व्यय होगा निविदादाता को वहन करना होगा।
23. प्रत्येक निविदादाता को निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्य के दौरान 50 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण होने की दशा में और उसका विधिवत सत्यापन होने पर (रनिंग बिल) केवल एक बार लेने का अधिकार होगा जो अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता द्वारा विधिवत माप कर गणना की जाँच एवं आवश्यक कटौती कर के भुगतान सम्बन्धित कार्यवाही की जायेगी।
24. कार्य की निविदा में किया गया है, जिसे फर्म फर्म/ठेकेदार द्वारा निविदा प्रपत्र भरा गया अपना दर/विभागीय दर अधिक/कम पर भरना होगा।
25. कार्यदायी फर्म/ठेकेदार द्वारा कार्यस्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत "डिस्पले बोर्ड" पर कार्य का पूर्ण विवरण, कार्यदायी संस्था, कार्य प्रारम्भ होने की सम्भावित तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।
26. निर्माण कार्य की गुणवत्ता हेतु शासन द्वारा समय समय पर निर्गत शासनादेशो का अनुपालन किया जायेगा एवं अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
27. निविदाओं की स्वीकृत के उपरान्त संलग्न की गयी 10 प्रतिशत की अरनेस्ट मनी शासन के निर्गत शासनादेश एवं गुणवत्ता जाँच के उपरान्त अवमुक्त की जायेगी एवं ठेकदारों /फर्मो के द्वारा निविदा प्रकाशन तिथि से एफ०डी०आर० जमानत धनराशि के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा साथ ही साथ ठेकेदार/फर्म के द्वारा फर्जी एफ०डी०आर० निविदा में लगायी जाती है तो निविदा निरस्त कर कार्यवाही कर दी जायेगी।
28. निविदादाता से न्यूनतम निविदा प्राप्त होने के उपरान्त नगर पंचायत रामपुरा में पंजीकरण हेतु शुल्क रू0 20000/– नगद/ई–बैंकिंग के माध्यम से जमा कराते हुये निविदादाता का पंजीकरण कर निविदा की शर्तों के अनुरूप जमानत आदि की धनराशि जमा कराते हुये नियमानुसार अनुबन्ध गठित किया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत रामपुरा (जालौन)**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत रामपुरा (जालौन)**

स्वतंत्र भारत

# देश विदेश

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, शनिवार, 20 जून 2026



# समझौते पर खामेनेई का पहला बयान

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर की पुष्टि करते हुए एक खास पोस्ट में कहा कि यह समझौता ईरान की उत्सुकता से नहीं, बल्कि अमेरिका की मजबूरी की वजह से हुआ है। खामेनेई ने अपने पोस्ट में लिखा, जैसा कि आपको बताया गया है, ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपतियों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ईरानी अधिकारियों ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए ईमानदारी से काम किया था, लेकिन अमेरिकी पक्ष ने ही सबसे अधिक जोर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ही मजबूरी में आकर इसे अंजाम देने के लिए हर तरह के दबाव और तरीकों का इस्तेमाल किया। खामेनेई ने माना कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से इस

- कहा- ट्रंप को मजबूरी में करना पड़ा एमओयू
- अमेरिका ने सीमा लांघी तो नहीं झुकेगा ईरान



समझौते को लेकर कुछ आपत्तियां थीं। उन्होंने कहा, सिद्धांत के तौर पर मेरी राय अलग थी, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि उन्होंने ईरानी राष्ट्र और रेसिस्टेंस फ्रंट (प्रतिरोध मोर्चा) के अधिकारों की रक्षा करने के ईरानी राष्ट्रपति के वादे के आधार पर अपनी मंजूरी दे दी।
हालांकि खामेनेई ने इस पोस्य में यह भी कहा कि अगर अमेरिका तय की गई बातों से आगे बढ़ने की कोशिश करेगा तो ईरान झुकेगा नहीं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर अमेरिकी पक्ष हद से ज्यादा मांगें रखने की कोशिश करेगा, तो वे उन्हें नहीं मानेंगे। उन्होंने खुद को विनम्र सेवक बताते हुए सीधे अपने देश को संबोधित किया और ईरानियों से तय शर्तों के पूरा होने का इंतजार करने को कहा।

## कांगो में इबोला से अबतक 232 मौतें

### संक्रमितों की संख्या 896 पहुंची

**किंशासा।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में इबोला वायरस का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने जानकारी दी है कि देश में इबोला के पुष्ट मामलों की संख्या अब 896 हो गई है। इस खतरनाक बीमारी ने अब तक 232 लोगों की जान ले ली है। स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को इटुरी और नॉर्थ किवू प्रांतों में इबोला के 21 नए मामले सामने आए, जिनमें छह लोगों की मौत हो गई। यह प्रकोप अब पूर्वी कांगो के तीन प्रांतों- इटुरी, नॉर्थ किवू और साउथ किवू के 33 स्वास्थ्य क्षेत्रों तक फैल चुका है। प्रशासन के लिए चिंता की बात यह है कि बुधवार को ही 151 संदिग्ध मामले भी दर्ज किए गए, जिनमें 35 मौतें शामिल हैं। अधिकारी अब उन 6,367 लोगों की कड़ी निगरानी कर रहे हैं जो मरीजों के संपर्क में आए थे। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि पुष्ट मामलों की संख्या हर हफ्ते बढ़ रही है। इसका मतलब है कि समुदाय के स्तर पर संक्रमण अभी भी फैल रहा है।

# समझौते की आलोचना पर नेतन्याहू को खरी खोटी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते की आलोचना करने पर इस्राइल को कड़ी चेतावनी

- वेंस की दो टूक, ट्रंप इस्राइल के एकमात्र समर्थक

दी है। हफ्तों के तनाव के बाद हुए इस समझौते का बचाव करते हुए वेंस ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप इस्राइल के इकलौते सहयोगी हैं। उनकी यह टिप्पणी उन खबरों के बीच आई है जिनमें कहा गया था कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके साथी इस समझौते से निजी तौर पर नाखुश हैं। यह समझौता ईरान के साथ संघर्ष को खत्म करने के लिए किया गया है। वेंस ने जोर देकर कहा कि वॉशिंगटन अब भी इस्राइल का सबसे मजबूत और महत्वपूर्ण दोस्त बना हुआ है। व्हाइट हाउस में एक ब्रीफिंग के दौरान उन्होंने उन



आलोचकों को जवाब दिया जो कह रहे हैं कि यह समझौता ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को रोकने में नाकाम रहा है। आलोचकों का यह भी मानना है कि इससे लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ इस्राइल की सैन्य कार्रवाई पर रोक लग सकती है।
नेतन्याहू की नाराजगी की खबरों पर वेंस ने कहा कि उन्होंने सीधे प्रधानमंत्री से ऐसी कोई बात नहीं सुनी है। हालांकि, उन्होंने इस्राइली कैबिनेट के सदस्यों की जमकर आलोचना की। वेंस ने कहा कि उनका संदेश साफ है। पहली बात यह कि पूरी दुनिया में इस समय डोनाल्ड ट्रंप ही एकमात्र ऐसे राष्ट्राध्यक्ष हैं जो इस्राइल के प्रति सहानुभूति रखते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अगर वे इस्राइली सरकार की कैबिनेट में होते, तो वे दुनिया के अपने इकलौते ताकतवर सहयोगी पर हमला नहीं करते। उपराष्ट्रपति ने इस्राइल को मिलने वाली अमेरिकी सैन्य मदद का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि इस्राइल की रक्षा करने वाले दो-तिहाई हथियार अमेरिका ने बनाए हैं और इनके लिए अमेरिकी टैक्स के पैसों से भुगतान किया गया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका वर्तमान में इस्राइल को हर साल लगभग चार अरब डॉलर की सैन्य सहायता देता है।

# नाइजर में एयरपोर्ट पर बड़ा आतंकी हमला

**नियामे।** अफ्रीकी देश नाइजर की राजधानी नियामी में स्थित मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार तड़के हथियारबंद हमलावरों ने बड़ा

- 11 सैनिक, दो नागरिकों की मौत, 22 हमलावर ढेर

हमला कर दिया। इस हमले में 11 सैनिकों और दो नागरिकों की मौत हो गई, जबकि सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में 22 हमलावर भी मारे गए। नाइजर के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हमलावरों ने राजधानी के डियोरी हमानी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया था। सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हमले को विफल कर दिया। इस दौरान 20 संदिग्धों को गिरफ्तार भी किया गया है। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हमले के दौरान एयरपोर्ट क्षेत्र में गोलियों की आवाजें और विस्फोट सुनाई दिए। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और एयरपोर्ट जाने वाले रास्तों पर सघन तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, कुछ घंटों बाद नाइजर की राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन एजेंसी ने कहा कि एयरपोर्ट पर परिचालन सामान्य रूप से जारी है और उड़ानों पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है। यह इस साल एयरपोर्ट पर हुआ दूसरा बड़ा हमला है। इससे पहले जनवरी में भी इसी एयरपोर्ट को निशाना बनाया गया था। उस हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने ली थी। तब एयरपोर्ट पर मौजूद नाइजर के ड्रोन ठिकानों को निशाना बनाया गया था।.

# आतंक फैलाने वाले सहयोग की उम्मीद न रखें : भारत

**जिनेवा।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। भारत

- सिंधु जल समझौता अब पुराना
- यूएन में भारत की पाकिस्तान को दो टूक

ने 1960 के सिंधु जल समझौते को आज के समय के हिसाब से पुराना और बेकार बताया है। भारत ने साफ शब्दों में कहा कि जो देश आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति की तरह इस्तेमाल करता है, वह दोस्ती और सहयोग के फायदों की उम्मीद नहीं कर सकता।
संयुक्त राष्ट्र में भारत की सचिव अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान के आरोपों का कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सिंधु जल समझौते पर भारत का रुख बिल्कुल साफ है। यह तर्क से परे है कि एक तरफ पाकिस्तान आतंक का निर्यात करता है और दूसरी तरफ सद्भावना पर टिके समझौते का लाभ चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 1960 में हुई यह संधि अब पुरानी पड़ चुकी है। दुनिया बदल रही है और कोई भी तकनीकी व्यवस्था समय के साथ स्थिर नहीं रह सकती। छह दशक पुराने इस समझौते को आज की हकीकत से अलग नहीं रखा जा सकता।



भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र किया, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इस हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौते को तब तक के लिए रोक दिया है, जब तक पाकिस्तान सीमा पार से होने वाले आतंकवाद को पूरी तरह खत्म नहीं कर देता। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान अपनी 80 प्रतिशत खेती और 93 प्रतिशत पानी की जरूरतों के लिए सिंधु नदी तंत्र पर ही निर्भर है।
सचिव अनुपमा सिंह ने पाकिस्तान को अपने आंतरिक मुद्दों पर ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारतीय क्षेत्रों पर नजर डालने के बजाय अपने घर की हालत सुधारनी चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान को फ्रेंकेंस्टीन स्टेट करार दिया। भारत ने कहा कि पाकिस्तान खुद चरमपंथी समूहों को पालता है और जब वही राक्षस उसे काटते हैं, तो वह हैरान हो जाता है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री खुद आतंकियों को ट्रेनिंग देने की बात गर्व से स्वीकार करते हैं, फिर भी पाकिस्तान खुद को आतंकवाद का पीड़ित बताता है। यह पाकिस्तान का दोहरा चेहरा है। भारतीय राजनयिक ने जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान और इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के बयानों को भी पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का दुष्प्रचार उसकी अपनी घरेलू नाकामियों को छिपाने की एक कोशिश है। भारत ने फिर दोहराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। अब केवल एक ही मुद्दा बचा है और वह है पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले भारतीय इलाकों को मुक्त कराना।

# 'इटली और मैं कभी भीख नहीं मांगते' : ट्रंप के दावे पर भड़कीं मेलोनी

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच एक बड़ा कूटनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। यह तनातनी अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा इटली के टेलीविजन नेटवर्क 'La7' को दिए गए एक इंटरव्यू के बाद शुरू हुई, जिसमें ट्रंप ने मेलोनी को लेकर एक विवादित दावा किया था। इतालवी ब्रॉडकास्टर 'La7' को दिए इंटरव्यू में डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया कि फ्रांस के एवियन में आयोजित 52वें जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान मेलोनी ने उनके साथ एक तस्वीर खिंचवाने के लिए 'भीख' मांगी थी। ट्रंप ने आगे कहा 'मेलोनी? उन्होंने मुझसे फोटो के लिए भीख मांगी थी, मुझे उनके लिए दुख महसूस हुआ (तरस आ गया), इसलिए मैं मान गया।' डोनाल्ड ट्रंप की



इस टिप्पणी पर प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (X) पर खुद का एक वीडियो संदेश साझा कर ट्रंप के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया। मेलोनी ने कहा कि मैं ट्रंप के इन पूरी तरह से मनगढ़ंत शब्दों से स्तब्ध हूं। कुछ चीजों का तुरंत जवाब देना जरूरी होता है। डोनाल्ड ट्रंप के बयान पूरी तरह से काल्पनिक हैं। मैं सचमुच हैरान हूं। मुझे नहीं पता कि संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति अपने ही सहयोगियों के साथ ऐसा व्यवहार क्यों करता है। आखिरकार, यह पहली बार नहीं है जब ऐसा हुआ है।

# तुलसी गबार्ड का दावा : डॉक्टर फाउची ने की थी मौत के वायरस की फंडिंग

## सामने आया कोरोना से जुड़ा खौफनाक सच

**वॉशिंगटन।** चीन की वुहान लैब को लेकर एक बहुत बड़ा और सनसनीखेज खुलासा हुआ है। यह वही लैब है जिसके बारे में पूरी दुनिया में कहा जाता है कि इसी ने कोरोना वायरस को पैदा किया था। अब अमेरिकी खुफिया विभाग (ओडीएनआई) की निवर्तमान प्रमुख तुलसी गबार्ड ने दावा किया है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के मुख्य चिकित्सा सलाहकार डॉक्टर एंथनी फाउची ने इस लैब को वित्तीय मदद दी थी।
तुलसी गबार्ड ने पिछले महीने ही डोनाल्ड ट्रंप की इंटेलिजेंस चीफ का पद छोड़ा है। उन्होंने अपने दफ्तर के आखिरी दिन कुछ ऐसे दस्तावेज सार्वजनिक किए हैं जो आज से पहले कभी नहीं देखे गए थे। इन दस्तावेजों के आधार पर उन्होंने डॉ. फाउची को सीधे कटघरे में खड़ा किया है।
तुलसी गबार्ड के कार्यालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 85 वर्षीय डॉ. एंथनी फाउची ने वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी को लाखों डॉलर की फंडिंग दी थी। यह पैसा अमेरिका के आम करदाताओं का था। इस पैसे का इस्तेमाल वुहान की लैब में चमगादड़ों के कोरोना वायरस पर बेहद खतरनाक गेन-ऑफ-फंक्शन रिसर्च के लिए किया जा रहा था। इस तरह की रिसर्च में वायरसों को प्रयोगशाला में ज्यादा संक्रामक या जानलेवा बनाया जाता है।
बयान के मुताबिक, डॉ. फाउची ने 38 वर्षों तक नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इंफेक्शियस डिसीज (एनआईएआईडी) के प्रमुख के रूप में काम किया। उन्होंने दिसंबर 2022 में इस पद को छोड़ा था। उन पर आरोप है कि उन्होंने इस पद पर रहते हुए बड़ी फार्मा कंपनियों से जुड़े जोखिम भरे कोरोना वायरस रिसर्च को बढ़ावा दिया ताकि ट्रिलियन डॉलर के यूनिवर्सल वैक्सीन बाजार को खड़ा किया जा सके। जब साल 2020 की शुरुआत में कोरोना महामारी ने अमेरिका में दस्तक दी, तो बाइडन सरकार में महामारी से निपटने की पूरी कमान फाउची के ही हाथों में थी।

# फ्रांस के राष्ट्रपति को भेंट की कलमकारी महाभारत पेंटिंग

**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने फ्रांस दौरे के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिजिट मैक्रों को भारत की समृद्ध कला और हस्तशिल्प परंपरा से जुड़े

- ब्रिजिट को दी पोचमपल्ली स्टोल

विशेष उपहार भेंट किए। इन उपहारों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत, शिल्पकला और पारंपरिक कौशल को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया गया।

**कलमकारी महाभारत पेंटिंग भेंट की**

राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को प्रधानमंत्री मोदी ने आंध्र प्रदेश की प्रसिद्ध हस्तनिर्मित कलमकारी महाभारत पेंटिंग भेंट की। इस कलाकृति को तैयार करने में लगभग छह महीने का समय लगा है। पारंपरिक कलमकारी शैली में बनाई गई यह पेंटिंग महाभारत के विभिन्न प्रसंगों को दर्शाती है, जिसमें धर्म, न्याय, साहस और नैतिक निर्णय जैसे शाश्वत मूल्यों का चित्रण किया गया है। पेंटिंग का प्रमुख आकर्षण भगवद्गीता का वह संदेश है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को कर्तव्य, आत्मसंयम और आंतरिक शक्ति का मार्ग दिखाते हैं। यह




कलाकृति केवल एक ऐतिहासिक महाकाव्य का चित्रण नहीं, बल्कि नैतिक नेतृत्व, शांति, ज्ञान और मानवीय गरिमा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों का भी प्रतीक है, जो आज के समय में भी पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं।

**पोचमपल्ली सिल्क स्टोल**

वहीं, राष्ट्रपति की पत्नी ब्रिजिट मैक्रों को प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना का पोचमपल्ली सिल्क स्टोल उपहार स्वरूप भेंट किया। यह हाथ से बुना गया रेशमी स्टोल पारंपरिक इकत रेजिस्ट-डाइंग तकनीक से तैयार किया जाता है और अपनी आकर्षक ज्यामितीय एवं पुष्पीय डिजाइनों, उत्कृष्ट शिल्पकला और सुरुचिपूर्ण बनावट के लिए प्रसिद्ध है।
भारतीय परंपरा और आधुनिक कलात्मकता का सुंदर संगम प्रस्तुत करने वाला यह स्टोल भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत का प्रतीक माना जाता है। फैशन, कला और उत्कृष्ट हस्तशिल्प के प्रति फ्रांस की गहरी रुचि को देखते हुए यह उपहार दोनों देशों के सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूत करने वाला माना जा रहा है। बता दें कि पीएम मोदी अपने दौरे के दौरान ग्लोबल लीडर्स को भारत की समृद्ध कला और परंपरा से जुड़ी वस्तुएं भेंट करते हैं, ताकि उन वस्तुओं को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल सके और भारत के ऐतिहासिक महत्व को अधिक से अधिक लोग जान सकें।

**जी 7 नेताओं को दिए यह गिफ्ट**

राजस्थान के नागौर जिले में उगाई जाने वाली नागौरी अश्वगंधा अपनी उच्च गुणवत्ता और अधिक विथेनोलाइड मात्रा के लिए प्रसिद्ध है। शुष्क जलवायु और रेतीली मिट्टी में तैयार होने वाली इस औषधीय जड़ी-बूटी को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग भी प्राप्त है। आयुर्वेद में इसे 'रसायन' औषधि माना जाता है, जो शरीर की ऊर्जा, मानसिक क्षमता, रोग प्रतिरोधक क्षमता और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ाने में सहायक मानी जाती है। यह उत्पाद ग्रामीण आजीविका को भी मजबूत करता है और पारंपरिक आयुर्वेदिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक शोध से जोड़ने का प्रतीक है।

**चिंताजनक** — पहली बार सरकारी सेनाएं बनीं सबसे बड़ी दोषी

# यूएन रिपोर्ट : युद्धों में बच्चों पर टूटा कहर

**न्यूयार्क।** संघर्ष और युद्ध क्षेत्रों में बच्चों की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की नई रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल दुनिया भर में करीब 25,000 बच्चे हत्या, यौन हिंसा, अपहरण और जबरन लड़ाई में भर्ती किए जाने जैसे गंभीर अपराधों का शिकार हुए। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि 30 वर्षों में पहली बार सरकारी सेनाएं बच्चों के खिलाफ सबसे ज्यादा गंभीर उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार पाई गई हैं।

**लगातार चौथे साल बढ़े बच्चों के खिलाफ अपराध**

यूएन की रिपोर्ट के अनुसार, बच्चों के खिलाफ दर्ज गंभीर उल्लंघनों की संख्या लगातार चौथे वर्ष बढ़ी है। वर्ष 2025 में ऐसे 38,558 मामले सत्यापित किए गए, जिनमें बच्चों की हत्या, अपहरण, स्कूलों और अस्पतालों पर हमले तथा मानवीय सहायता रोकने जैसी घटनाएं शामिल हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल 24,174 बच्चे इन घटनाओं से प्रभावित हुए। इनमें लगभग एक-तिहाई लड़कियां थीं। कई बच्चों को एक साथ कई तरह की हिंसा और अत्याचारों का सामना करना पड़ा।

**30 साल में पहली बार बदली तस्वीर**

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चों पर होने वाले अत्याचारों की निगरानी शुरू होने के तीन दशक बाद पहली बार सरकारी बल अधिकांश गंभीर उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार पाए गए हैं। पहले आमतौर पर सशस्त्र विद्रोही और आतंकी समूह ऐसे मामलों में प्रमुख दोषी माने जाते थे।

**इस्राइली सेना सबसे ऊपर कांगो दूसरे नंबर पर**

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 के दौरान सबसे ज्यादा 12,445 उल्लंघन



इस्राइली सेना और उससे जुड़ी सुरक्षा एजेंसियों के खाते में दर्ज किए गए। इसके बाद डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कॉन्गो में 4,114 मामले सामने आए। म्यांमार, सोमालिया और नाइजीरिया के विभिन्न सशस्त्र समूहों द्वारा भी 2,000 से अधिक गंभीर उल्लंघन किए गए। सूची में सूडान, दक्षिण सूडान, सीरिया और यूक्रेन में रूसी सैन्य बलों का भी उल्लेख है।

**गाजा में हजारों बच्चों की मौत**

संयुक्त राष्ट्र ने पुष्टि की है कि गाजा में इस्राइल सैन्य कार्रवाई के दौरान 2,668 फ़िलिस्तीनी बच्चों की मौत हुई। इसके अलावा पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम में 55 बच्चों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि गाजा में 4,588 अतिरिक्त बच्चों की मौत और 346 इस्राइल बच्चों के घायल होने की खबरों की जांच अभी जारी है।

**क्यों बढ़ रहे हैं ऐसे मामले**

विशेषज्ञों के मुताबिक, युद्ध की बदलती प्रकृति इसकी बड़ी वजह है। अब लड़ाइयां खुले मैदानों के बजाय घनी आबादी वाले शहरों और बस्तियों में लड़ी जा रही हैं। ड्रोन, मिसाइलों और भारी विस्फोटक हथियारों के बढ़ते इस्तेमाल से बच्चों पर खतरा और बढ़ गया है।

**हजारों बच्चों को जबरन बनाया गया लड़ाका**

रिपोर्ट के अनुसार, 6,607 बच्चों को जबरन भर्ती कर युद्ध में इस्तेमाल किया गया। सबसे ज्यादा मामले कांगो, नाइजीरिया, हैती, सोमालिया और कोलंबिया में दर्ज हुए।

**अपहरण और यौन हिंसा भी बड़ी चिंता**

संयुक्त राष्ट्र ने 5,129 बच्चों के अपहरण की पुष्टि की है। सबसे अधिक मामले नाइजीरिया, कांगो, सोमालिया, म्यांमार और मोजाम्बिक में सामने आए। वहीं 1,783 बच्चे बलात्कार और अन्य प्रकार की यौन हिंसा के शिकार हुए। ऐसे मामलों में कांगो, नाइजीरिया, सोमालिया, सूडान और हैती सबसे अधिक प्रभावित देशों में शामिल हैं।

## बच्चों की सुरक्षा का कोई विकल्प नहीं

रिपोर्ट का सबसे बड़ा संदेश यही है कि दुनिया भर में बढ़ते संघर्षों का सबसे ज्यादा असर बच्चों पर पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि यदि सरकारें और अंतरराष्ट्रीय समुदाय तुरंत ठोस कदम नहीं उठाते, तो आने वाले वर्षों में यह संकट और गंभीर हो सकता है।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनों हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोन:- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089